www.epaper.azadsipahi.in

कलम कलम बढ़ाये जा

# आजाद सिपाही

रांची : 15 अगस्त 2023, मंगलवार, वर्ष 08, अंक 296, सावन, कृष्ण पक्ष, चतुर्दशी, संवत 2080, मूल्य : ₹3.00 पृष्ठ : 24+24+24+12 = 84

### राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू का 77वें स्वाधीनता दिवस की पूर्व संध्या पर राष्ट्र के नाम संदेश

## हमारी पहचान भारतीय, महिला सशक्तीकरण को प्राथमिकता दें

अजाद सिपाही संवाददाता



**नयी दिल्ली।** 77वें स्वतंत्रता दिवस की पूर्व संध्या पर राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने सोमवार को राष्ट्र को संबोधित किया, देशवासियों को स्वतंत्रता दिवस की बधाई दी और कहा कि सभी देशवासी उत्साह के साथ अमृत महोत्सव मना रहे हैं। सभी लोग स्वतंत्रता दिवस को उत्साह के साथ मनाने की तैयारी कर रहे हैं। ये मुझे बचपन की याद भी दिला रहा है। जब तिरंगा फहराया जाता था, तो लगता था कि शरीर में बिजली कौंध गयी हो। मिठाई बांटी जाती थी। ये सब उत्साह से भर देता था। स्वतंत्रता दिवस हमें ये याद दिलाता है कि हम व्यक्ति नहीं हैं, हम विश्व के सबसे बड़े नागरिक समुदाय हैं। यह दिन हम सब के लिए गौरवपूर्ण और पावन है। चारों ओर उत्सव का वातावरण देखकर मुझे बहुत प्रसन्नता हो रही है।

राष्ट्रपति ने कहा कि जाति, पंथ, भाषा और क्षेत्र के अलावा, हमारी अपने परिवार और कार्य-क्षेत्र से जुड़ी पहचान भी होती है। लेकिन हमारी एक पहचान ऐसी है जो इन सबसे ऊपर है, और हमारी वह पहचान है, भारत का नागरिक होना। स्वतंत्रता दिवस हमें यह याद दिलाता है कि हम केवल एक व्यक्ति ही नहीं हैं, बल्कि हम एक ऐसे महान जन-समुदाय का हिस्सा हैं, जो अपनी तरह का सबसे बड़ा और जीवंत समुदाय है। यह विश्व के सबसे बड़े लोकतंत्र के नागरिकों का समुदाय है। औपनिवेशिक शासन ने इसे खत्म करने की कोशिश की थी। 15 अगस्त 1947 को हम आजाद हुए। हमारा स्वाधीनता आंदोलन अद्भुत था। महान सभ्यता के मूल्यों को जन-जन में ले गये। हमारे स्वाधीनता संग्राम के मूल्यों सत्य-अहिंसा को पूरी दुनिया में अपनाया गया है। गांधीजी तथा अन्य महानायकों ने भारत की आत्मा को फिर से जगाया और हमारी महान सभ्यता के मूल्यों का जन-जन में संचार किया। मैं सभी देशवासियों से आग्रह करती हूं कि वे महिला सशक्तीकरण को प्राथमिकता दें। मैं चाहूंगी कि हमारी बहनें और बेटियां साहस के साथ, हर तरह की चुनौतियों का सामना करें और जीवन में आगे बढ़ें। आज महिलाएं हर क्षेत्र में बढ़-चढ़कर योगदान दे रही हैं और देश का गौरव बढ़ा रही हैं। मुझे प्रसन्नता होती है कि महिलाओं की आर्थिक सशक्तीकरण पर ध्यान रखा जा रहा है। आज हम देख रहे हैं कि भारत ने विश्व पर यथोचित स्थान बनाया है। अपनी यात्राओं के दौरान मैंने नये गौरव का भाव देखा है। भारत दुनिया में मानवीय मूल्यों को स्थापित करने में अग्रणी योगदान दे रहा है। भारत, पूरी दुनिया में, विकास के लक्ष्यों और मानवीय सहयोग को बढ़ावा देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है। जी 20 समूह दुनिया की दो-तिहाई जनसंख्या का प्रतिनिधित्व करता है, इसलिए यह हमारे लिए वैश्विक प्राथमिकताओं को सही दिशा में ले जाने का यह एक अद्वितीय अवसर है।

राष्ट्रपति ने कहा कि देश सभी मोर्चों पर प्रगति कर रहा है। विश्व की कई अर्थव्यवस्थाएं खराब दौर से गुजर रही हैं। हमारी सरकार कठिन परिस्थितियों का सामना करने में सक्षम रही है। मुद्रास्फीति चिंता का विषय है, लेकिन हमारी सरकार ने इसके लिए भी प्रभावी कदम उठाये हैं। भारत आज दुनिया की पांचवीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन गया है और तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनने के लिए अग्रसर है। जरूरतमंदों की सहायता के लिए कई योजनाएं बनायी गयी हैं। पिछले दशक में लोगों का गरीबी से निकलना संभव हो पाया है। उन्होंने कहा, जिस बात पर सबको ध्यान देना चाहिए- जलवायु परिवर्तन। बीते सालों में कहीं बहुत बारिश हुई, तो कहीं सूखे का सामना करना पड़ा। ये सब ग्लोबल वॉर्मिंग के कारण हुआ। भारत ने इस पर भी काफी काम किया है। विश्व को हमने लाइफ फॉर एनवायरमेंट का मंत्र दिया है। लोभ की प्रकृति हमें प्रकृति से दूर करती है। कई जनजाति समुदाय आज भी प्रकृति से गहरे जुड़े हैं। जनजातीय समुदाय के प्रकृति से संबंध और अपना अस्तित्व बनाये रखने को एक शब्द में समझाया जा सकता है- हमदर्दी। महिलाएं हमदर्दी ज्यादा गहराई से महसूस करती हैं।

### मुख्यमंत्री ने प्रवर्तन निदेशालय के समन को दी चुनौती

## राजनीतिक इशारे पर काम कर रही इडी: हेमंत

आजाद सिपाही संवाददाता



**रांची।** इडी ने मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को समन भेजा था और रांची में हुए जमीन घोटाले मामले में पूछताछ के लिए बुलाया था, लेकिन मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन सोमवार को इडी कार्यालय नहीं पहुंचे। मुख्यमंत्री ने इडी को उनके समन का जवाब भेज कर समन वापस लेने के लिए कहा है। सीएम हेमंत सोरेन ने इडी को लिखा कि आपके द्वारा इस मामले में किया गया समन गैरकानूनी है। आप लोग राजनीतिक इशारे पर काम कर रहे हैं। हम इसके खिलाफ कानूनी सलाह लेकर आगे बढ़ेंगे। बताया जा रहा है कि इडी उन्हें बहुत जल्द दूसरा समन करेगी।

जानकारी के मुताबिक, इडी ने रांची के बहुचर्चित जमीन घोटाले मामले में मुख्यमंत्री को पूछताछ के लिए समन किया था। मामले में रांची के पूर्व उपायुक्त छवि रंजन, कोलकाता के व्यवसायी अमित अग्रवाल, न्यूक्लियस मॉल के संचालक विष्णु अग्रवाल, बड़गाईं अंचल के राजस्व उप निरीक्षक भानु प्रताप प्रसाद सहित कुल 14 आरोपित गिरफ्तार हो चुके हैं। इन आरोपितों से पूछताछ के दरम्यान कुछ तथ्य सामने आने की बात की जा रही है, जिसके बाद इडी ने उन्हें समन कर 14 अगस्त को पूछताछ के लिए बुलाया था।

**मनी लांड्रिंग के आरोपों की इडी कर रही जांच :** यह दूसरा मामला है, जब इडी ने सीएम को समन जारी किया है। इससे पहले साहिबगंज में अवैध खनन मामले में जांच एजेंसी ने तलब किया था। बता दें कि रांची में सेना के उपयोग वाली 4.55 एकड़ की जमीन सहित कई अन्य जमीनों की खरीद-बिक्री में फर्जीवाड़ा को लेकर मनी लांड्रिंग के आरोपों की इडी जांच कर रही है।

**पहले भी इडी को लिख चुके हैं खुला पत्र :** इससे पहले पिछले साल 17 नवंबर को सीएम हेमंत सोरेन ने इडी के सामने पेश होने से पहले उसके नाम खुला पत्र लिखा था। उस पत्र में उन्होंने साहिबगंज में एक हजार करोड़ के खनन घोटाले के मामले में उन्हें भेजे गये समन को राजनीति से प्रेरित बताते हुए 12 बिंदुओं में जवाब दिया था।

सीएम हेमंत सोरेन ने लिखा था कि पिछले दो सालों में कोरोना के कारण खनन कार्य प्रभावित होने के बावजूद रॉयल्टी बढ़ी है। साल 2019-20 में इससे राज्य को 270 करोड़ रुपये की रॉयल्टी मिली थी, जो 2021-22 में बढ़कर 360 करोड़ रुपये हो गयी। पत्र में उन्होंने उनकी सरकार के अब तक के कार्यकाल में साहिबगंज जिले में अवैध खनन से 1000 करोड़ से अधिक के राजस्व नुकसान के इडी के स्टेटमेंट को पूरी तरह खारिज कर दिया। सीएम हेमंत सोरेन ने इडी को ऐसे सनसनीखेज और गैर जिम्मेदार बयान से परहेज करने को कहा है, क्योंकि इससे पूरे झारखंड की छवि खराब होती है।




समस्त झारखंडवासियों को
स्वतंत्रता दिवस
की हार्दिक
बधाई एवं शुभकामनाएं
वंदे मातरम्
डॉ. प्रदीप वर्मा
प्रदेश महामंत्री
झारखंड प्रदेश
भाजपा




# इडी कोर्ट में पेशी के बाद विष्णु अग्रवाल को भेजा गया जेल



**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** राजधानी के चेशायर होम रोड स्थित एक एकड़ जमीन खरीदने के मामले में गिरफ्तारी के बाद जेल भेजे गये न्यूक्लियस मॉल के मालिक विष्णु अग्रवाल से 12 दिनों तक पूछताछ के बाद सोमवार को इडी कोर्ट में उनकी पेशी हुई। इडी के आग्रह को देखते हुए कोर्ट ने विष्णु अग्रवाल को जेल भेज दिया। इससे पहले तीन बार पांच दिन, चार दिन और तीन दिन के लिए रिमांड लेकर पूछताछ के बाद विष्णु अग्रवाल को कोर्ट में प्रस्तुत किया गया। 31 जुलाई को रात करीब 10 बजे इडी ने विष्णु अग्रवाल से पूछताछ के बाद गिरफ्तार किया था। दरअसल, विष्णु अग्रवाल पर चेशायर होम रोड की एक एकड़ जमीन गलत ढंग से खरीदने का आरोप है। इडी ने अपनी जांच में पाया था कि इस जमीन के मूल दस्तावेज में छेड़छाड़ की गयी थी। कोलकाता रजिस्ट्री कार्यालय में रखे मूल दस्तावेज में छेड़छाड़ कर रैयत का नाम बदला गया था। इसके बाद विष्णु अग्रवाल ने यह जमीन खरीदी थी। जालसाजी कर मूल दस्तावेज में छेड़छाड़ कर गंगाधर राय को इस जमीन का फर्जी मालिक बनाया गया था। बाद में गंगाधर राय के पोते राजेश राय से यह जमीन खरीदी गयी थी।










समस्त झारखंडवासियों को
स्वतंत्रता दिवस
की हार्दिक
बधाई एवं शुभकामनाएं
HAPPY
INDEPENDENCE DAY
15TH AUGUST
रमेश सिंह
प्रदेश कार्यसमिति सदस्य
भाजपा, झारखंड प्रदेश

www.epaper.azadsipahi.in

कलम कलम बढ़ाये जा

# आजाद सिपाही

रांची : 15 अगस्त 2023, मंगलवार, वर्ष 08, अंक 296, सावन, कृष्ण पक्ष, चतुर्दशी, संवत 2080, मूल्य : ₹3.00 पृष्ठ : 24+24+24+12 = 84

## स्वतंत्रता दिवस को लेकर मोरहाबादी मैदान तैयार

# आज सीएम हेमंत करेंगे झंडोत्तोलन

आजाद सिपाही संवाददाता



**रांची।** राजधानी रांची में स्वतंत्रता दिवस को लेकर मोरहाबादी मैदान में तैयारियां पूरी कर ली गयी हैं। 15 अगस्त को मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन झंडोत्तोलन करेंगे। बता दें, इससे पहले स्वतंत्रता दिवस को लेकर रविवार (13 अगस्त) को मोरहाबादी मैदान में फुल ड्रेस फाइनल रिहर्सल किया गया। इस दौरान डीआइजी अनूप बिरथरे और उपायुक्त राहुल कुमार सिन्हा ने परेड की सलामी ली। इस दौरान उन्होंने सभी पार्टियों को परेड से संबंधित दिशा-निर्देश दिये।

**दुमका में राज्यपाल फहरायेंगे तिरंगा :** बता दें, उपराजधानी दुमका में राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन झंडोत्तोलन करेंगे। इसके अलावा राज्य के मंत्री विभिन्न जिला मुख्यालयों में झंडोत्तोलन करेंगे। इसके अंतर्गत ग्रामीण विकास मंत्री आलमगीर आलम साहिबगंज में, वित्त मंत्री डॉ रामेश्वर उरांव लोहरदगा में झंडोत्तोलन करेंगे। स्वास्थ्य मंत्री बन्ना गुप्ता जमशेदपुर में, श्रम मंत्री सत्यानंद भोगता चतरा में, परिवहन मंत्री चंपई सोरेन सरायकेला-खरसावां में, मंत्री जोबा मांझी चाइबासा में, उत्पाद मंत्री बेबी देवी बोकारो में, कृषि मंत्री बादल पत्रलेख पलामू में, पेयजल मंत्री मिथिलेश कुमार ठाकुर गढ़वा में, खेल मंत्री हफीजुल हसन देवघर में झंडोत्तोलन करेंगे।

**यूपी पुलिस भी परेड में हो रही शामिल :** स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर परेड का समादेशन कुमार शिवाशीष, भापुसे सहायक पुलिस अधीक्षक (परिक्ष्यमान) करेंगे। सुबोध कुमार गुप्ता, परिचारी प्रवर-द्वितीय पुलिस केन्द्र परेड का द्वितीय समादेशन करेंगे। साथ ही यूपी पुलिस भी परेड में शामिल रहेंगे। मोरहाबादी में आयोजित होने वाले स्वतंत्रता दिवस मुख्य समारोह को लेकर सुरक्षा के व्यापक इंतजाम कर लिए गए हैं। समारोह स्थल पर पर्याप्त संख्या पुलिस कर्मियों और दंडाधिकारियों की प्रतिनियुक्ति की गयी है। दर्शकों के लिए भी विशेष व्यवस्था की गयी है।

**भारी वाहनों की रहेगी नो इंट्री :** झंडोत्तोलन समारोह को लेकर राजधानी रांची में यातायात व्यवस्था में परिवर्तन किया गया है। 15 अगस्त को सुबह 6 बजे से रात 10 बजे तक बड़े वाहनों को प्रवेश नहीं दिया जाएगा। स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर राजधानी में बड़े वाहनों के लिए रूट में बदलाव किये गये है। मोराबादी स्थित कार्यक्रम स्थल पर नारंगी और सफेद पास वाले गाड़ी को इंट्री मिलेगी। अन्य कार्यक्रम स्थल से दूर पार्किंग करनी पड़ेगी।

### शुभकामना

भारत के 77वें स्वत्रंतता दिवस के शुभ अवसर पर सभी पाठकों, हॉकर बंधुओं, विज्ञापनदाताओं, एजेंटों, शुभचिंतकों, झारखंड और समस्त देशवासियों को आजाद सिपाही परिवार की ओर से हार्दिक शुभकामनाएं।

- प्रबंधक

### अवकाश की सूचना

भारत के 77वें स्वतंत्रता दिवस के शुभ अवसर पर 15 अगस्त, 2023 को आजाद सिपाही के कार्यालय में अवकाश रहेगा। अतः समाचार पत्र का अगला अंक 17 अगस्त 2023 को प्रकाशित होगा।

- प्रबंधक

## विभाजन विभीषिका स्मृति दिवस पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने किया ट्वीट

**नयी दिल्ली (आजाद सिपाही)।** आजादी का अमृत महोत्सव कार्यक्रमों के तहत 14 अगस्त को विभाजन विभीषिका स्मृति दिवस मनाया जा रहा है। 14 अगस्त 1947 को देश के बंटवारे के दौरान विस्थापन का दर्द झेलने वाले लोगों की याद में ये दिन मनाया जाता है। इस मौके पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने ट्वीट किया कि विभाजन विभीषिका स्मृति दिवस उन भारतवासियों को श्रद्धापूर्वक याद करने का अवसर है, जिनका जीवन देश के बंटवारे की बलि चढ़ गया। ऐसे सभी लोगों को मेरा शत-शत नमन।

# भाजपा नेता राजेंद्र साहू की हुई मौत

# गम और गुस्से में बालूमाथ के लोग

- अपराधियों की गोलियों से घायल नेता ने मेडिका रांची में ली अंतिम सांस

आजाद सिपाही संवाददाता



**रांची।** बालूमाथ के भाजपा नेता, लातेहार जिला परिषद के पूर्व उपाध्यक्ष और कोयला व्यवसायी राजेंद्र साहू की सोमवार को मौत हो गयी। उन्होंने मेडिका में अंतिम सांस ली। राजेंद्र साहू को शनिवार को बालूमाथ में अज्ञात अपराधियों ने गोली मार कर घायल कर दिया था। इसके बाद उन्हें बेहतर इलाज के लिए पहले रिम्स और बाद में मेडिका भेजा गया था। राजेंद्र साहू का इलाज कर रहे डॉक्टरों के अनुसार, गोली लगने के कारण उनके अंदरूनी अंग क्षतिग्रस्त हो गये थे और अत्यधिक रक्तस्राव के कारण उनके शरीर के दूसरे अंगों पर असर पड़ा था।

बता दें कि शनिवार को बालूमाथ के झरिवा टोला के दून स्कूल के पास राजेंद्र प्रसाद साहू को अपराधियों ने गोली मार दी थी। उस समय वह स्कूटी से अपने घर जा रहे थे। गोली लगने से बुरी तरह घायल राजेंद्र साहू को पहले बालूमाथ सीएचसी ले जाया गया था। घटना से ठीक पहले उन्होंने पुराना कस्तूरबा के पास हाइवा ट्रक मालिकों के साथ बैठक की थी। इसके बाद अपने सुरक्षा गार्ड को छोड़ कर वह एक सहयोगी की स्कूटी से रवाना हुए थे।

**अपराधियों का पीछा किया था :** झरवी टोला के पास अपाची बाइक (जेएच 03एन/1889) पर तीन युवकों को देख राजेंद्र साहू को संदेह हुआ। स्कूटी पर सवार राजेंद्र साहू को देखते ही अपराधी वहां से भागने लगे। तब राजेंद्र साहू ने उन्हें रोकने की गरज से उनका पीछा किया। इसके बाद अपराधियों ने गोली मार दी थी।

**पुलिस के हाथ अब तक खाली :** घटना के बाद से ही लातेहार एसपी अंजनी अंजन के नेतृत्व में पुलिस लगातार अपराधियों के खिलाफ छापामारी अभियान चला रही है, लेकिन उसके हाथ खाली हैं।

(पेज 12 भी देखें।)













समस्त झारखंडवासियों को
स्वतंत्रता दिवस
की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं
HAPPY
INDEPENDENCE DAY
15TH AUGUST
जैलेन्द्र कुमार
पूर्व जिला अध्यक्ष
रांची ग्रामीण जिला

# BRN CABS OPC PVT. LTD.

**OFFER INTERNATIONAL TOUR VISA**
**Services for all Countries, Flight ticket & Car Rental**
**Website : www.brncabs.com www.brntrips.com**










**BRN CABS** Launch android app by 25th September 2023.Driver Can add their car and earn Monthly upto 25,000₹ to 30,000₹ .For more details Drop WhatsApp **+916202185643**
We add two wheeler, 3 wheeler & 4 wheeler also.







Note : we accept commercial number / Yellow number plate. Only JHARKHAND Registered Vehicles allowed to attach with us.

**We add two wheeler, 3 wheeler & 4 wheeler also.**



**Rahul Burman**
Managing Director

# Consult for Franchise.

**Hehal Pahan Toli, Opposite Hehal Anchal Office, Ranchi-834005 (Jharkhand) brncabservice@gmail.com +916203631526**


समस्त झारखंडवासियों को
स्वतंत्रता दिवस
की हार्दिक
बधाई एवं शुभकामनाएं
वंदे मातरम्
सन्नी टोप्पो
युवा भाजपा नेता
रांची, झारखंड

## बारिश में कई मुहल्लों की सड़कें नारकीय हो गयी हैं

रांची (आजाद सिपाही )। रांची के राजधानी बने 22 साल हो गये, फिर भी मुख्य सड़कों से होकर बाइलेन में पहुंचने पर गांव जैसा नजारा है। न तो पक्की सड़कें हैं और न ही पक्की नालियां। मानसून में स्थिति नारकीय बन गयीं है। हर वार्ड में 2-3 मुहल्ले ऐसे हैं, जहां पक्की सड़कें-नालियां नहीं हैं। विभिन्न वार्डों से लोगों ने अपनी पीड़ा बतायी। संवाददाता ने जब शहर के मुहल्लों की हालत की पड़ताल की तो यह सामने आया कि नगर निगम शहर के करीब 2.10 लाख घरों से सालाना करीब 100 करोड़ रुपये होल्डिंग टैक्स वसूल रहा है। इसके अलावा केन्द्र और राज्य सरकार से हर साल नागरिक सुविधा मद में करीब 100 करोड़ मिलते हैं, फिर भी 104 से अधिक मुहल्लों की 200 से अधिक कच्ची सड़कें पक्की नहीं बनीं।

SBI
The banker to every Indian
Patna Circle
77th HAPPY INDEPENDENCE DAY
HAR GHAR tiranga WITH SBI
आज़ादी का अमृत महोत्सव
G20

सम्मानित एवं प्रिय ग्राहक बंधुगण

आप सभी को 77 वें स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएँ|



हम सभी पूरे उत्साह के साथ आजादी का अमृत महोत्सव मना रहे हैं| आत्मनिर्भर भारत, डिजिटल भारत, 5 ट्रिलियन इकोनोमी संपन्न भारत, स्वच्छ-स्वस्थ एवं संवहनीय भारत- ये कुछ ऐसे संकल्प हैं जिनके साथ हम अमृत काल में प्रवेश कर रहे हैं| हर भारतीय का सपना है - विकसित भारत का निर्माण।

भारतीय स्टेट बैंक इन सपनों को साकार करने में अग्रणी भूमिका निभा रहा है| देश के सबसे बड़े और सबसे पुराने बैंक होने के नाते 'हर भारतीय का बैंक' बनने के पथ पर अग्रसर रहते हुए स्टेट बैंक आपकी सेवा में सक्रिय है| "ग्राहक देवो भव" की भावना भारतीय स्टेट बैंक के संस्कार में निहित है| आपका सहयोग, आपका विश्वास और भरोसा हमारी मूल पूंजी है, जिसकी बदौलत हम गाँव से लेकर शहर तक, कृषक से लेकर व्यवसायियों तक, उद्यमियों से लेकर उद्योगपतियों तक, मजदूर वर्ग से लेकर नौकरीपेशा वर्ग तक- हर तबके के ग्राहकों को उत्कृष्ट बैंकिंग सेवा दे रहे हैं| स्टेट बैंक के साथ आपके अटूट रिश्ते का प्रतिफल ही है कि पिछले वित्तीय वर्ष में स्टेट बैंक ने अभूतपूर्व मुनाफा दर्ज किया तथा भारत को आर्थिक समृद्धि देने में निरंतर महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है| यह सत्य है कि आर्थिक समृद्धि के बगैर 'आजादी' का एहसास अधूरा है| भारतीय स्टेट बैंक आर्थिक सहायता के लिए 'हर मोड़ पर आपके साथ' खड़ा है| आपकी सुविधाओं और जरूरतों के अनुरूप स्टेट बैंक विभिन्न बैंकिंग सुविधाएं और प्रोडक्ट्स उपलब्ध कराता रहा है| घर बैठे त्वरित सेवा प्रदान करने के लिए बैंक का संपर्क केंद्र भी स्थापित है, जिसका नंबर है- 1800-1234 एवं 1800-2100. आप इन पर कॉल करके बैंकिंग सेवाएँ प्राप्त कर सकते हैं| बैंक के डिजिटल उत्पाद, जैसे- ऑनलाइन बैंकिंग, योनो एप, योनो लाइट, भीम यूपीआई, एटीएम, मोबाइल बैंकिंग, वाट्सएप बैंकिंग इत्यादि डिजिटल दुनिया में क्रान्ति ला रही है| 'योनो' का तो अर्थ ही है- YOU ONLY NEED ONE. इन सुविधाओं ने बैंक शाखा में व्यक्तिगत रूप से जाने की आवश्यकता को लगभग समाप्त कर दिया है| हमें गर्व है कि गाँव-गाँव, शहर-शहर आप हमें सेवा का अवसर प्रदान करते हैं| कृषि क्षेत्र के विकास के लिए भी हम आसान किस्तों पर किसान भाइयों को ऋण मुहैया कराते हैं| छोटे कारोबारियों के साथ-साथ मध्यम उद्यमियों को भी हम सहज शर्तों पर ऋण प्रदान करते हैं| आपकी विभिन्न आवश्यकताओं को ध्यान में रखते हुए स्टेट बैंक भिन्न-भिन्न ऋण उत्पाद आपके सामने लाया करता है| आपकी सेवा के माध्यम से देश सेवा के स्वर्णिम अवसर देने के लिए हम हृदय से आपके आभारी हैं| आइए, हम अपने रिश्ते को और मजबूती प्रदान करें और समृद्ध भारत के निर्माण में अपना बहुमूल्य योगदान दें|

जय हिन्द!! जय भारत!!

SBI

बैंकिंग इतनी आसान जैसे 1-2-3-4

आसान नम्बर - 1800-1234 / 1800-2100

आज ही हमारे नए संपर्क केंद्र को कॉल करें



बैंकिंग सेवाएँ

- खाता शेष, पिछले 5 लेन–देन और खाता विवरण
- एटीएम कार्ड ब्लॉक करना, पुनः जारी कराना, प्रेषण स्थिति और पिन जारी करना
- टीडीएस विवरण और जमाराशि ब्याज प्रमाणपत्र
- अनधिकृत लेन–देनों की शिकायत दर्ज करना और शिकायत की स्थिति ट्रेक करना
- डिजिटल उत्पादों (एसबीआई योनो, इंटरनेट बैंकिंग) के लिए सहायता
- चेक बुक हेतु अनुरोध और प्रेषण की स्थिति जानना

अन्य टोल-फ्री नंबर 1800 11 22 11 और 1800 425 3800
bank.sbi

# प्रदेश के 17 पुलिस अफसरों को राष्ट्रपति पदक का सम्मान



आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** पुलिस के कर्तव्यनिष्ठ छह अधिकारी व कर्मचारियों को वीरता पदक और 11 अधिकारी व कर्मचारियों को विशिष्ट तथा सराहनीय सेवा के लिए वर्ष 2023 के राष्ट्रपति पुलिस पदक प्रदान करने की घोषणा की गयी है। पदकों का वितरण अगले साल किया जायेगा। जिन लोगों को पुरस्कार से सम्मानित किया गया है।

### वीरता के लिए पुलिस पदक (पीएमजी)

जीतेंद्र कुमार एएसआइ पीएमजी

सुधीर कुमार एएसआइ पीएमजी

शैलेंद्र कुमार सिंह एसआइ पीएमजी

मनोज कुमार इंस्पेक्टर पीएमजी

कुंदन कुमार एसआइ पीएमजी

नितेश कुमार सिंह सीटी पीएमजी

### विशिष्ट तथा सराहनीय सेवा

प्रभात कुमार, आइजी प्रोविजन, पुलिस मुख्यालय, रांची, झारखंड

जीतलाल नायक, हवलदार, धुर्वा रांची, झारखंड

हेमंत कुमार बैठा, हवलदार, रांची, झारखंड

एमडी नजीर हुसैन, हवलदार, जमशेदपुर, झारखंड

राजू सिंह छेत्री, कांस्टेबल, एसटीएफ रांची, झारखंड

सचिन सुब्बा, कांस्टेबल, एसटीएफ, रांची, झारखंड

सिकंदर रे, हवलदार, एसटीएफ रांची, झारखंड

सुरेंद्र कुमार सिंह, उप निरीक्षक, जमशेदपुर, झारखंड

जलहा उरांव, हवलदार, खूंटी, झारखंड

रवींद्र कुमार सिंह, हवलदार, रांची, झारखंड

मनोरंजन कुमार सिंह, एएसआइ, संचालक रांची, झारखंड

ध्यान रहे कि इस बार भी राज्य के 44 पुलिस पदाधिकारियों और कर्मियों को राष्ट्रपति पदक से पुरस्कृत किया जाना है उन्हें वीरता के लिए, विशिष्ट सेवा और सराहनीय सेवा के लिए राष्ट्रपति पदक मिलेगा। यह पदक 15 अगस्त को दिया जायेगा। इस पुरस्कार का एलान पिछले साल किया गया था।

## सदर अस्पताल में गर्भवती महिलाओं को हो रही परेशानी

रांची (आजाद सिपाही)। सदर अस्पताल के स्त्री रोग विभाग में रोजाना करीब 100 गर्भवती जांच के लिए यहां पहुंचती हैं। डॉक्टर के चैंबर के बाहर मात्र एक लाइन में 5 कुर्सियां लगी हैं। बाकी वेटिंग हॉल में लगी हैं। यहां बैठने पर मरीजों को पता ही नहीं चलता है कि अभी कितना नंबर चल रहा है, क्योंकि अनाउंसमेंट नहीं होता। मजबूरीवश डॉक्टर के चैंबर के बाहर खड़ी होकर महिलाएं अपना नंबर आने का इंतजार करती हैं। घंटों खड़े रहने से कई महिलाएं बेहोश हो जाती हैं। अनाउंसमेंट की व्यवस्था होने पर गर्भवती वेटिंग रूम में बैठतीं और नंबर आने पर ही डॉक्टर चैंबर में जातीं तो उन्हें सहूलियत होगी।

**Jharkhand State Open University Ranchi, Jharkhand**
In front of Faculty of Forestry, Birsa Agriculture University, Kanke, Ranchi - Pin-834006
Email : registrarjsou@gmail.com Ph No : 8929006645

झारखंड राज्य खुला विश्वविद्यालय की तरफ से 76वीं स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएँ

"आर्थिक दबावों के कारण काम करते हुए पढ़ सकने की आवश्यकता के दृष्टिगत दूरस्थ शिक्षा सशक्त माध्यम है।"

मानवीय सभ्यता के विकास क्रम में मनुष्य ने शिक्षा देने के विभिन्न 'अनुशासनों' की खोज की है। शिक्षा चूँकि ज्ञान के साथ ही 'अनुशासन' और 'पद्धति' भी है, इसलिए इसमें 'माध्यम' का प्रश्न भी प्रमुख हो जाता है। प्राचीन शिक्षा पद्धति से अब तक क्रमशः परिवर्तन होता रहा है। यह परिवर्तन समसामयिक युग की आवश्यकताओं के अनुकूल और युग की सम्भावनाओं में 'सृजनात्मक विकल्प' की निरन्तर खोज के बीच उभरा है।

वर्तमान में शिक्षा 'विकास के औजार' की परिभाषा से आगे जाकर विकास के एक अंग के रूप में स्थापित हो गई है। अतः ज्ञान के इस युग में शिक्षा, बल्कि उपयुक्त शिक्षा के बिना विकास सम्भव नहीं है, और विकास के अन्य अवयवों की तुलना में उपयुक्त शिक्षा अधिक सशक्त कारक है।

भारत जैसे व्यापक देश में विशेषकर उच्च शिक्षा का पारम्परिक ढाँचा (face to face teaching) वर्तमान और भविष्य की आवश्यकताओं की पूर्ति नहीं कर सकता है। साथ ही आर्थिक दबावों के कारण काम करते हुए पढ़ सकने की आवश्यकता (Earning while Learning) के दृष्टिगत भी वैकल्पिक माध्यम सशक्त हुआ है। यह वैकल्पिक माध्यम है, मुक्त एवं दूरस्थ शिक्षा प्रणाली Open and Distance Learning (ODL)| यह प्रणाली 'डिजिटल' युग में 'दूरस्थ' शब्द को निष्प्रभावी बना देती है और वस्तुतः 'डिजिटल' माध्यमों से शिक्षक एवं शिक्षार्थी के बीच की दूरी सिमट जाती है और वे नियमित सम्पर्क में रह सकते हैं। यह प्रणाली विशुद्ध रूप से शिक्षार्थी–केन्द्रित है और समय तथा धन दोनों दृष्टियों से कम खर्चीली है। परम्परागत शिक्षा पद्धति 'प्रत्यक्ष शिक्षा पद्धति' है, जो गुरू–शिष्य संवाद पर आधारित है, जबकि मुक्त शिक्षा पद्धति में गुरु का स्थान पुस्तकें ले लेती हैं। यह गुरु का विषय में रूपांतरण है..... यह कहने का लिखने में रुपांतरण है... यह ध्वनि का दृश्य में रूपांतरण भी है....यह माध्यम के बदलने जैसा है... इस प्रकार यह छात्र को विषय के करीब ले जाने वाला अनुशासन है।

वर्तमान में दूरस्थ शिक्षा के माध्यम से अनेक व्यावसायिक एवं कौशलपरक पाठ्यक्रम चलाये जा रहे हैं। इनके अन्तर्गत कुछ ऐसे पाठ्यक्रम भी हैं जो विषय के विशिष्टतम उपयोगों की ओर अभिमुख हैं। वे लोग जो दुर्गम एवं दूरवर्ती स्थानों में निवास करते हैं, जिनका सम्पूर्ण जीवन हाशिए पर रहा है, तथा जो समाज की मुख्य धारा से वंचित रहे हैं, ऐसे सभी वर्गों को दूरस्थ शिक्षा पुनः केन्द्र में लाकर एक सम्माननीय शैक्षिक जीवन जीने के लिए सशक्त करती है।

झारखंड राज्य मुक्त विश्वविद्यालय अपने अनेक नूतन, समसामयिक एवं उपयोगी शैक्षणिक कार्यक्रमों को सम्प्रेषण के नवीनतम प्रयोगों तथा सम्पर्क –सत्रों द्वारा अधिक सुदृढ़ बनाता रहा है। विश्वविद्यालय का मुख्य उद्देश्य इस राज्य के त्वरित विकास एवं उन्नयन हेतु प्रशिक्षित एवं विभिन्न कौशलों में दक्ष उपयोगी मानव संसाधनों का विकास करना है तथा यह निरन्तर प्रयास है कि शिक्षा की गुणवत्ता में कभी किसी भी स्तर पर कोई समझौता न किया जाय। व्यावसायिक एवं कौशलपरक शिक्षा में तीव्रता से हो रहे बदलावों को ध्यान में रखते हुए विश्वविद्यालय ने अपने पाठ्यक्रमों को इस प्रकार पुनर्गठित किया है कि रोजगार एवं स्व–रोजगार के नित्य नए अवसर उपलब्ध हो सकें। पुनः "स्वतंत्रता दिवस की शुभकामनाएँ"।



कुलसचिव
झारखंड राज्य मुक्त विश्वविद्यालय रांची



# बातचीत से हल निकले

पूर्वी लद्दाख में एलएसी के पास बने गतिरोध को दूर करने के लिए भारत और चीन के बीच सैन्य स्तर की एक और बातचीत सोमवार को होने जा रही है। वैसे तो यह बातचीत का 19वां दौर है, लेकिन इसे खास महत्व दिया जा रहा है तो उसकी कई वजहें हैं। यह बातचीत ऐसे समय हो रही है जब अगले सप्ताह ही साउथ अफ्रीका में ब्रिक्स देशों की शिखर बैठक में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और चीनी राष्ट्रपति शी चिनफिंग की आमने-सामने मुलाकात होने वाली है। यही नहीं, अगले महीने यानी सितंबर में भारत में हो रहे जी-20 देशों के शिखर सम्मेलन में भी राष्ट्रपति शी शामिल होने वाले हैं। ऐसे में दोनों तरफ जल्द से जल्द सहमति की गुंजाइश तलाशने को लेकर एक पॉजिटिव दबाव बनने की उम्मीद स्वाभाविक हो जाती है। याद किया जा सकता है कि 2017 में डोकलाम में दोनों देशों की सेनाओं के बीच ढाई महीने से चला आ रहा गतिरोध पीएम मोदी और राष्ट्रपति शी की तय मुलाकात से कुछ ही दिन पहले दूर हुआ था। तब ब्रिक्स देशों की ही चीन में होने वाली शिखर बैठक में दोनों नेता मिलने वाले थे। लेकिन यह बात भी सही है कि 2020 में गलवान घाटी में हुई हिंसक झड़प के बाद दोनों देशों के रिश्तों में असामान्य गिरावट आयी। हालांकि लगातार बातचीत से एलएसी के कुछ विवादास्पद स्थानों पर सेना को पीछे ले जाने पर सहमति हासिल की जा चुकी है, लेकिन आज भी कुछ जगहों को लेकर विवाद बना हुआ है, साथ ही सीमा पर दोनों तरफ 50 हजार से ज्यादा सैनिक भी तैनात हैं। ऐसे में देशों के रिश्तों में विश्वास का संकट बना हुआ है। चीन का जोर इस बात पर है कि एलएसी के विवाद को दरकिनार करते हुए दोनों देश रिश्तों को सामान्य बनाने की कोशिश करें, लेकिन भारत ने साफ कर दिया है कि जब तक एलएसी पर 2020 से पहले की यथास्थिति नहीं कायम की जाती तब तक रिश्ते सामान्य नहीं हो सकते। अभी तो सबसे बड़ा सवाल है कि रिश्तों में आ चुके विश्वास के संकट को कैसे हल किया जाये, कौन से ऐसे कदम उठाये जायें, जिनसे विश्वास बहाली में मदद मिले और सीमा पर तैनात सैनिकों में टकराव की स्थिति न बने, लेकिन विवाद कितना भी गंभीर हो, मसला कितना भी जटिल हो, बातचीत के जरिए उसे सुलझाया जा सकता है और विवाद सुलझाने का यही सबसे अच्छा तरीका है। भारत और चीन के संदर्भ में अच्छी बात यह है कि सर्वोच्च नेतृत्व के स्तर पर पहले बेहतरीन पर्सनल केमिस्ट्री रही है और आज भी परस्पर संवाद को लेकर सकारात्मकता की भावना बनी हुई है।

**चीन का जोर इस बात पर है कि एलएसी के विवाद को दरकिनार करते हुए दोनों देश रिश्तों को सामान्य बनाने की कोशिश करें, लेकिन भारत ने साफ कर दिया है कि जब तक एलएसी पर 2020 से पहले की यथास्थिति नहीं कायम की जाती तब तक रिश्ते सामान्य नहीं हो सकते।**

**प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के निरंतर समर्थन के कारण, केवीआइसी ने पहली बार 2022-23 में 1.34 लाख करोड़ रुपये का कारोबार किया है। देश में वर्ष 2013-14 में खादी और ग्रामोद्योग (केवीआइ) उत्पादों का कारोबार 31154 करोड़ रुपये था। 2013-14 से 2022-23 तक कारीगरों द्वारा निर्मित स्वदेशी खादी उत्पादों की बिक्री में 332 फीसदी की अभूतपूर्व वृद्धि हुई है। पिछले नौ वर्षों में खादी वस्त्रों के उत्पादन में ऐतिहासिक बढ़ोतरी देखने को मिली है।**

# भारत में सशक्त होते खादी के पारंपरिक उद्योग

**निमिष रुस्तगी, हिमांशु पाठक, अपूर्वा महिवाल**



पिछले नौ सालों में, भारतीय कारीगरों द्वारा खादी के चरखे पर बुनी गयी क्रांति को पूरी दुनिया देख रही है। 'आत्मनिर्भर भारत' नाम की यह क्रांति भारतीयों के 'भावनात्मक मूल्यों' को दर्शाती है । यह स्वदेशी निर्मित वस्तुओं की आवश्यकता और महत्व का प्रतीक है। वर्तमान में खादी हमारे राष्ट्र की प्रगति का अभिप्राय बन गयी है।

खादी उद्योग भारत के सबसे प्रमुख पारंपरिक उद्योगों में से एक है। यह उद्योग न केवल कारीगरों के लिए बिक्री और रोजगार के अवसरों को सृजित करता है, बल्कि निर्यात क्षमता, जीडीपी को भी मजबूत करता है। साथ ही ग्रामीण विकास और उद्यमिता को भी बढ़ावा देता है।

**आर्थिक विकास :** खादी और ग्रामोद्योग आयोग (केवीआइसी) ने भारत में सर्वश्रेष्ठ एफएमसीजी कंपनियों के कारोबार को भी पार कर लिया है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के निरंतर समर्थन के कारण, केवीआइसी ने पहली बार 2022-23 में 1.34 लाख करोड़ रुपये का कारोबार किया है। देश में वर्ष 2013-14 में खादी और ग्रामोद्योग (केवीआइ) उत्पादों का कारोबार 31154 करोड़ रुपये था। 2013-14 से 2022-23 तक कारीगरों द्वारा निर्मित स्वदेशी खादी उत्पादों की बिक्री में 332 फीसदी की अभूतपूर्व वृद्धि हुई है। पिछले नौ वर्षों में खादी वस्त्रों के उत्पादन में ऐतिहासिक बढ़ोतरी देखने को मिली है। वर्ष 2013-14 में खादी का उत्पादन 811 करोड़ रुपये था, 260 फीसदी की उछाल के साथ 2022-23 में 2916 करोड़ रुपये के आंकड़े को छू गया है। 2013-14 से 2022-23 के बीच खादी वस्त्रों की मांग भी तेजी से बढ़ी है। 2013-14 में जहां इसकी बिक्री महज 1081.04 करोड़ रुपये थी, वहीं वर्ष 2022-23 के दौरान यह 450 फीसदी बढ़कर 5942.93 करोड़ रुपये के आंकड़े को छू गयी है।

**2022-23 में कुल 9.5 लाख रोजगार के अवसर सृजित कर एक नया कीर्तिमान स्थापित किया है।**

खादी वस्त्रों के उत्पादन और बिक्री में हो रही वृद्धि का लाभ इस क्षेत्र से जुड़े कामगारों को भी मिल रहा है। 2013-14 के बाद से उनके पारिश्रमिक में 150 फीसदी से अधिक की वृद्धि हुई है। इन कामगारों और बुनकरों के निरंतर प्रयासों और कड़ी मेहनत के कारण खादी क्षेत्र में यह उल्लेखनीय प्रगति संभव हुई है।

**ग्रामीण उद्योगों और सामुदायिक विकास को सशक्त बनाती खादी :** देश को आत्मनिर्भर बनाने के लक्ष्य को पूरा करने में ग्रामीण पुनरोद्धार आवश्यक भूमिका निभाता है।

बीते नौ वर्षों में इस क्षेत्र से जुड़े कारीगरों को डीबीटी के माध्यम से प्रदान की गयी वित्तीय सहायता, चरखा और करघे जैसी मौजूदा बुनियादी सुविधाओं का आधुनिकीकरण, डिजिटलीकरण, अनुसंधान एवं विकास गतिविधियों के माध्यम से नयी प्रौद्योगिकी और डिजाइनों के विकास में काफी वृद्धि हुई है। भारत सरकार के इन महत्वपूर्ण प्रयासों ने खादी एवं ग्रामोद्योग उत्पादों के विकास में अहम योगदान दिया है। केवीआइसी ने ग्रामीण अर्थव्यवस्था को और मजबूत बनाने के लिए 2021 में एक सरकारी ऑनलाइन प्लेटफॉर्म का अनावरण किया, जो 50 हजार से अधिक उत्पादों को प्रदर्शित करता है ।

देश में ग्रामीण पारंपरिक उद्योगों को बढ़ावा देने, विकसित करने और मजबूत करने के लिए खादी और ग्रामोद्योग आयोग (केवीआइसी) ने कई अन्य पहल की है, उदाहरणार्थ केवीआइसी अपने ग्रामोद्योग कार्यक्रम के माध्यम से शहद और मधुमक्खी पालन, ताड़ के गुड़, मिट्टी के बर्तन, हस्तनिर्मित कागज और चमड़ा उद्योग, ग्रामीण इंजीनियरिंग आदि जैसे विभिन्न ग्रामीण उद्योगों में प्रशिक्षण प्रदान करने, आय बढ़ाने और आजीविका के अवसरों में सुधार करने के लिए कौशल विकास प्रशिक्षण कार्यक्रम संचालित कर रहा है। इसके अलावा ग्रामीण महिलाओं को कार्यक्षेत्र में अग्रणी बनाने हेतु सिलाई मशीन प्रदान करने के साथ-साथ सिलाई प्रशिक्षण की व्यवस्था भी करता है। वर्ष 2013-14 से अब तक देश भर में 7.43 लाख लोगों को प्रशिक्षित किया गया है और कारीगरों को जरूरत आधारित टूल किट उपलब्ध कराये गये हैं। इसके अलावा, 'वोकल फॉर लोकल' की अपील ने खादी को देश और विदेश में लोकप्रियता की नयी ऊंचाइयों तक पहुंचाया है।

**रोजगार के अवसरों को बढ़ावा देना :** पिछले कुछ वर्षों में केवीआइसी का मुख्य ध्येय कारीगरों और बेरोजगार युवाओं के लिए स्थायी रोजगार के अवसर सृजित करना रहा है। इसी प्रकार केवीआइसी ने वर्ष 2013-14 में सृजित 5 .6 लाख नये रोजगार अवसरों की तुलना में 2022-23 में कुल 9.5 लाख रोजगार के अवसर सृजित कर एक नया कीर्तिमान स्थापित किया है।

यही नहीं, प्रधानमंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम (पीएमइजीपी) के अंतर्गत देश के युवाओं को स्वदेशी अभियान से जोड़कर राष्ट्र ने एक नया रिकॉर्ड स्थापित किया है। पीएमइजीपी की 80 फीसदी से अधिक इकाइयां ग्रामीण इलाकों में स्थापित की जाती हैं, जिनमें से 50 फीसदी से अधिक इकाइयों का नेतृत्व अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति और महिला उद्यमियों द्वारा किया जाता है। इससे देश में महिला सशक्तिकरण और महिला उद्यमियों को बल मिला है।

पीएमइजीपी के तहत 2022-23 के दौरान 8.69 लाख नयी परियोजनाओं की शुरुआत करके कुल 73.67 लाख लोगों को रोजगार के अवसर प्रदान किये गये हैं, जिसमें 2008-09 से 2022-23 तक 21870.18 करोड़ रुपये की कुल मार्जिन मनी सब्सिडी वितरित की गयी है।

इसके अलावा केवीआइसी अपने प्रशिक्षण केंद्रों और अन्य संवर्धनात्मक स्कीमों के माध्यम से बेरोजगार युवाओं के लिए कौशल विकास कार्यक्रम (एसडीपी) और उद्यमिता जागरूकता कार्यक्रम (इएपी) आयोजित करता है, ताकि पारंपरिक उद्योगों में स्व-रोजगार के अवसर तैयार किये जा सकें।

संक्षेप में खादी उद्योग न केवल भारत के स्वतंत्रता आंदोलन और सांस्कृतिक विरासत का प्रतीक है, बल्कि आर्थिक विकास, रोजगार और सतत विकास का एक अनिवार्य स्रोत भी है। खादी उद्योग को बढ़ावा देकर राष्ट्र ने सामाजिक, आर्थिक और पर्यावरणीय लाभ प्राप्त किये हैं, जिससे देश की समग्र प्रगति में योगदान मिला है।

**(लेखकगण पीआइबी की अनुसंधान इकाई में क्रमशः अतिरिक्त महानिदेशक, उप निदेशक और युवा पेशेवर हैं।)**

## झारखंड की खबरें

# कुजू गोलीबारी में मारे गये जानकी का हुआ अंतिम संस्कार, पवन की हालत में सुधार

- घायल पवन यादव के मुंह में फंसी गोली को चिकित्सकों ने निकाला
- मृतक जानकी यादव के शव का अंतिम संस्कार, उमड़ी भीड़ ने की शोक सभा
- ओपी प्रभारी ने आर्म्स एक्ट के तहत कराया मामला दर्ज, 11 नामजद





**आजाद सिपाही संवाददाता**

**कुजू।** कुजू ओपी क्षेत्र के हथमारा पोचरा स्थित फोरलेन के निकट रास्ता विवाद को लेकर चली गोलीबारी मामले में कुजू पुलिस ने दो अलग-अलग मामला दर्ज कर मामले में शामिल तीन लोगों को जेल भेज दिया। इधर, गोलीकांड में मृतक पोचरा निवासी जानकी यादव का शव पोस्टमार्टम के पश्चात पुलिस ने उसके परिजनों को सौंप दिया। इसके बाद मृतक के परिजनों ने शव का अंतिम संस्कार पोचरा स्थित काली मंदिर के निकट श्मशान घाट में किया। जहां उमड़े ग्रामीणों के हुजूम के बीच मृतक के पुत्र सिद्धू यादव ने मुखाग्नि दी। वहीं, मृतक के पत्नी अंजू देवी, सात वर्षीय पुत्री पलक कुमारी, 5 वर्षीय पुत्र सिद्धू यादव सहित बुजुर्ग मां का रो- रो कर बुरा हाल है। इधर, गांव के गणमान्य लोगों ने मृतक के परिजनों को श्राद्ध कार्यक्रम के लिए सामाजिक पहल के तहत एक लाख रुपये सहयोग राशि प्रदान किया। इधर, घटना के दूसरे दिन घटनास्थल के अलावे मृतक के आवास पर पुलिस मुस्तैदी से डटी रही। बताते चले कि रविवार की दोपहर जमीन में रास्ते को लेकर हुए विवाद के बाद गोली चली थी। जिसमें जानकी यादव की मौत हो गई थी। मामले में पांच लोग घायल हो गए थे। बताया जाता है कि उक्त गोलीकांड रास्ते के लिए महज एक डिसमिल जमीन को लेकर हुई है।

**मृतक की आत्मा की शांति के लिए शोक सभा का आयोजन,**
गोलीकांड में मारे गए जानकी यादव की आत्मा की शांति के लिए आजसू कार्यकर्ता समेत ग्रामीणों द्वारा शोक सभा का आयोजन किया गया। जहां आजसू जिलाध्यक्ष दिलीप दांगी, नगर परिषद अध्यक्ष युगेश बेदीया, उपाध्यक्ष मनोज कुमार महतो, आजसू मांडू विधानसभा प्रभारी तिवारी महतो, गुड्डू सिंह, शंकर मिश्रा, हरिनारायण कुशवाहा, चितू महतो, रामचल मुंडा समेत ग्रामीणों ने मृतक आत्मा की शांति के लिए ईश्वर से प्रार्थना की।

**इलाजरत पवन यादव की हालत में हुआ सुधार**
गोलीकांड के दौरान घायल पवन यादव के मुंह में फंसी गोली को चिकित्सकों द्वारा घंटो मशक्कत के बाद निकाला जा सका। चिकित्सकों के अनुसार, पवन यादव की हालत में धीरे-धीरे सुधार हो रहा है। इधर, संजय यादव का इलाज रांची रोड स्थित वृंदावन अस्पताल और ग्रामीणों के पिटाई से घायल मनोरंजन गिरी, पंकज कुमार और विक्रम कुमार का इलाज रांची रिम्स में चल रहा है।

**गोली कांड को लेकर ओपी में दो अलग-अलग मामला दर्ज**
गोली कांड को लेकर कुजू ओपी में दो अलग-अलग दर्ज मामले में आरोपी रामगढ़ छावनी परिषद की नामित सदस्य सह भाजपा नेत्री कीर्ति गौरव और रामगढ़ गुरुद्वारा प्रधान परमजीत सिंह कालरा उर्फ जानू तथा उसके भाई हरप्रीत सिंह उर्फ अंकित को पुलिस ने जेल भेज दिया।
इधर, विनोद कुमार ने ओपी में आवेदन देकर गुरुद्वारा प्रधान जानू सरदार तथा उसके भाई हरप्रीत सिंह, कीर्ति गौरव, प्रमोद जायसवाल, मनोरंजन गिरी, इंद्रजीत, सागर तिवारी सहित जेसीबी मशीन के मालिक और चालक तथा एक कार के मालिक और चालक के विरुद्ध मामला दर्ज कराया है। वहीं, कुजू ओपी में ओपी प्रभारी विनय कुमार द्वारा आर्म्स एक्ट के तहत मनोरंजन गिरी तथा उसका छोटा भाई दिगवार रेलवे पुल स्थित जिम संचालक, जानू सरदार, कीर्ति गौरव, हरप्रीत सिंह, प्रमोद जायसवाल, इंद्रजीत, सागर तिवारी, पंकज कुमार, विक्रम कुमार और निर्मल यादव सहित 10-12 अन्य के विरुद्ध मामला दर्ज कराया है।

# रांची की सब्जी मंडियों में मोबाइल चोर गिरोह सक्रिय



**रुचि सिंह**

**रांची।** आप सब्जी खरीदने में व्यस्त हों और अचानक जब आपका हाथ आपके पॉकेट में जाये, तो आपका मोबाइल गायब हो। जी हां, ऐसा आपके साथ भी हो सकता है। क्योंकि कई लोगों के साथ ऐसी घटना रोजाना राजधानी रांची में घट रही है। इस मोबाइल चोर गिरोह में 18 साल से कम उम्र के बच्चों को जरिया बनाय जा रहा है। जो किसी बहाने से आपके नजदीक आयेंगे और बड़ी ही सफाई से आपके कीमती मोबाइल पर हाथ साफ कर जायेंगे। खासकर शहर की व्यस्ततम सब्जी मंडियों, जैसे शालीमार, सेक्टर-2, रातू रोड, डेली मार्केट और अरगोड़ा इत्यादि में ये घटनाएं देखने को मिल रही हैं। पीड़ित लोग एफआइआर तक दर्ज करते हैं। पर चोरी हुए मोबाइल शायद ही कभी वापस मिलते हैं। क्योंकि कानून में नाबालिगों के लिए सख्त सजा का कोई प्रावधान नहीं है। इसलिए ये गिरोह ऐसी घटनाओं को अंजाम देने के लिए खास तौर पर नाबालिगों को प्रशिक्षण देकर इन भीड़ वाली जगहों पर भेजते हैं, और जब कभी ये अपनी चूक के कारण पकड़े जाते हैं। तब कुछ वकील फौरन इन्हें जमानत दिलाने पुलिस स्टेशन पहुंच जाते हैं और ये नाबालिग छूट कर वापस चोरी के काम पर लग जाते हैं। अब इसे कानूनी प्रावधानों का दुष्परिणाम कहें या प्रशासन का गैर-जिम्मेदाराना रवैया, खुद की सतर्कता में बरती गयी लापरवाही या इन बच्चों की गलत परवरिश, कारण जो भी हो, पर इसके परिणाम काफी घातक हैं। आज की तारीख में आपके परिचितों के नंबर से लेकर बैंक डिटेल्स और भी बहुत महत्वपूर्ण जानकिरयां आपके मोबाइल में समाहित हैं। ऐसे में मोबाइल के चोरी हो जाने से किसी भी व्यक्ति के लिए काफी नुकसानदेह हो सकता है। प्रशासन को इन चिह्नित जगहों, जहां अक्सर मोबाइल चोरी की वारदात को अंजाम दिये जा रहे हैं। आवश्वयकता है।


77वां स्वतंत्रता दिवसः 15 अगस्त, 2023
भारत सरकार
केन्द्रीय मनश्चिकित्सा संस्थान
कांके, रॉची, 834006, झारखण्ड, भारत
दूरभाष: 0651-2450822, 2451115, 2450448
24 घंटे आकस्मिक सेवा उपलब्ध
सी.आई.पी. में उपलब्ध सेवाओं/सुविधाओं का विवरण
निदेशक, सी.आई.पी. द्वारा जनहित में जारी
बाहर के मरीजों के लिए भी सरकारी दर पर जांच की सुविधा उपलब्ध है।
क्या आप किसी मनोवैज्ञानिक समस्या से ग्रस्त हैं ?
यदि हॉं, तो मदद के लिए कृपया सी.आई.पी. हेल्पलाइन पर संपर्क करें।
TOLL-FREE NO. 1800-345-1849 (24X7), सी.आई.पी. हेल्पलाईन नं. : 0651-2451116 (24X7)
ई मेल : director@cipranchi.nic.in, वेबसाईट : www.cipranchi.nic.in

आजाद सिपाही
रांची, मंगलवार, 15 अगस्त, 2023
www.azadsipahi.in


# टाना भगत संघ के प्रतिनिधिमंडल ने सीएम हेमंत सोरेन से मुलाकात की



**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** कांके रोड स्थित मुख्यमंत्री आवासीय कार्यालय में सोमवार को स्वतंत्रता सेनानी टाना भगत संघ के एक प्रतिनिधिमंडल ने मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से मुलाकात की।

इस दौरान प्रतिनिधिमंडल ने झारखंड के टाना भगत समुदाय की समस्याओं से सीएम को अवगत कराया।

मौके पर सीएम हेमंत सोरेन ने प्रतिनिधिमंडल को टाना भगत समुदाय की समस्याओं के निराकरण के लिए यथोचित सकारात्मक कार्यवाही का आश्वासन दिया। इस मौके पर मुख्यमंत्री के सचिव विनय कुमार चौबे, राष्ट्रीय स्वतंत्रता सेनानी टाना भगत संघ के बुधराम टाना भगत, धनी टाना भगत, ललित टाना भगत, महादेव टाना भगत, बुदु टाना भगत, लक्ष्मण टाना भगत, सुधीर टाना भगत, बिजला टाना भगत सहित विभिन्न जिलों के टाना भगत समुदाय के प्रतिनिधि मौजूद थे।

## सोमवारी को पहाड़ी मंदिर सहित सभी शिवालयों में लगी भक्तों की भीड़

रांची (आजाद सिपाही)। राजधानी रांची में सावन मास के छठे सोमवार को लेकर पहाड़ी मंदिर सहित अन्य सभी शिवालयों और मंदिरों में सोमवार सुबह से ही भक्तों की भीड़ उमड़ने लगी रही। सभी मंदिर के पास ओम नमः शिवाय और हर हर महादेव से पूरा वातावरण गूंज रहा था। लोग पहाड़ी मंदिर सहित अन्य शिवालयों जल, दूध और बेलपत्र अर्पण कर सुख, समृद्धि और स्वस्थ रहने की कामना कर रहे थे। जिले के कांके , कोकर, बूटी मोड़, बरियातू, हिनू, चुटिया के सुरेश्वर धाम, हरमू, किशोरगंज, लालपुर सहित अन्य शिवालयों में भक्त भगवान भोलेनाथ की पूजा अर्चना सुबह से कर रहे थे।
















## रिम्स में 5 दिन में 9 डेंगू मरीज भर्ती, मलेरिया के 19 मामले आये

**रांची।** झारखंड में डेंगू का प्रकोप जारी है। एक माह में 200 से ज्यादा डेंगू मामलों की पुष्टि की गयी है। सबसे ज्यादा 153 पीड़ित जमशेदपुर में हैं। इधर, राजधानी रांची में फिलहाल स्थिति नियंत्रण में है, लेकिन हर दिन 2-3 डेंगू संक्रमित की पहचान हो रही है। रिम्स के आइसोलेशन वार्ड में अभी डेंगू के 9 मरीज भर्ती हैं, वहीं एक सप्ताह में करीब 6 पीड़ितों को छुट्टी दी जा चुकी है। दूसरी ओर मलेरिया के भी 19 संक्रमित ि??रम्स के मेडिसीन विभाग में इलाजरत हैं। ये सभी जिले के ही अलग-अलग प्रखंडों से हैं। रिम्स आइसोलेशन वार्ड की सिस्टर इंचार्ज सिस्टर रामरेखा ने बताया कि जुलाई माह में डेंगू के मात्र 6 रोगी ही अस्पताल पहुंचे थे, जबकि अगस्त में अब तक 15 से ज्यादा पहुंच चुके हैं। इनमें आधा से ज्यादा डिस्चार्ज भी किये जा चुके हैं। वहीं, डॉक्टरों का कहना है कि विभिन्न वार्डों में भी भर्ती करीब आधा दर्जन मरीज में डेंगू के समान लक्षण है। इनका सैंपल जांच के लिए भेजा गया है।

**निजी अस्पतालों में भी डेंगू के 6 मरीज:** इधर, राजधानी के निजी अस्पतालों में भी डेंगू के करीब 6 मरीज भर्ती हैं। इस माह के पहले सप्ताह तक मेडिका, पारस, मेदांता, बालपन अस्पताल में दो-तीन रोगी भर्ती थे। अब छुट्टी दे दी गयी है। अभी मेडिका में 2, पारस में 1, ऑर्किड में 1, सदर अस्पताल में 2 पीड़ित हैं। झारखंड सरकार और नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ मलेरिया रिसर्च के शोध में पता चला है कि झारखंड में मलेरिया के मच्छरों पर डीडीटी के छिड़काव का असर नहीं होता। झारखंड देश के उन राज्यों में से एक है, जहां हर साल बड़ी संख्या में मलेरिया-डेंगू के केस मिलते हैं। इसे काबू में रखने के लिए सरकार डीडीटी का बड़े पैमाने पर छिड़काव कराती है।






### गम और गुस्से के बीच नम आंखों से दी गयी अंतिम विदाई

# ‘जब तक सूरज-चांद रहेगा, राजेंद्र तेरा नाम रहेगा’ के नारों से गूंजा बालूमाथ

### शव यात्रा में शामिल हुए हजारों समर्थक, आम लोगों की आंखें भी हुईं नम





संतोष सिन्हा

**बालूमाथ (आजाद सिपाही)।** दिवंगत भाजपा नेता सह कोयला व्यवसायी राजेंद्र साहु को सोमवार को यहां अंतिम विदाई दी गयी। उनकी शव यात्रा में उनके हजारों समर्थकों के अलावा इलाके के बड़े प्रशासनिक और पुलिस अधिकारी, विधायक, जन प्रतिनिधि और आम लोग शामिल हुए। ‘जब तक सूरज-चांद रहेगा, राजेंद्र तेरा नाम रहेगा’ के नारों से पूरा बालूमाथ गूंज उठा। बाद में मुक्तिधाम में पूरे विधि-विधान के साथ उनका अंतिम संस्कार किया गया। शव यात्रा में बालूमाथ एसडीपीओ अजीत कुमार, पुलिस इंस्पेक्टर शशिरंजन कुमार, थाना प्रभारी प्रशांत प्रसाद, चंदवा, लातेहार, बारियातु, हेरहंज, मनिका के थाना प्रभारी सहित लातेहार जिला के तमाम समाजसेवियों और बुद्धिजीवियों ने भाग लिया।



इससे पहले एसपी अंजनी अंजन, तमाम प्रशासनिक अधिकारी, विधायक बैद्यनाथ राम की उपस्थिति में तैलिक समाज के प्रदेश अध्यक्ष ने राजेंद्र साहु को श्रद्धांजलि दी। उन्होंने हत्यारों को जल्द गिरफ्तार कर फांसी की सजा देने, राजेंद्र साहु को शहीद का दर्जा देने तथा उनके परिवार को सरकारी सुरक्षा देने की मांग की।

**गम और गुस्से में डूबा बालूमाथ, समर्थकों ने काटा बवाल**

सोमवार की सुबह जैसे ही राजेंद्र साहु की मौत की सूचना मिली, पूरा बालूमाथ गम और गुस्से में डूब गया। हजारों लोग सड़कों पर उतर आये। लोगों ने चतरा-रांची मुख्य पथ (एनएच 22) के अलावा मुरपा, खलारी, रांची तथा हेरहंज-पांकी मार्ग को कई जगहों पर टायर जला कर जाम कर दिया। आक्रोशित लोगों ने राजेंद्र साहु हत्याकांड में शामिल एक शूटर को कथित रूप से संरक्षण देने वाले पचफेड़ी निवासी संतोष उरांव के घर के बाहर खड़ी स्कॉर्पियो को आग के हवाले कर दिया। लोगों का गुस्सा बढ़ता देख इलाके में पुलिस बल को तैनात किया गया।






## राज्यपाल सह कुलाधिपति सीपी राधाकृष्णन ने रैली को किया रवाना, कहा-

# भारत एक था, एक है और हम सब एक रहेंगे





आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** हर घर तिरंगा प्रभातफेरी का आयोजन रांची विश्वयविद्यालय, एनएसएस और नेहरू युवा केंद्र के संयुक्त प्रयास से हुआ। यह आयोजन आजादी के अमृत महोत्सव पर किया गया। यह तिरंगा यात्रा प्रभातफेरी राजभवन के मुख्य द्वार से प्रारंभ होकर रांची विश्वविद्यालय के मोरहाबादी स्थित बेसिक साईंस परिसर के आर्यभट्ट सभागार में संपन्न हुआ।

राजभवन से इस तिरंगा यात्रा को राज्यपाल सह कुलाधिपति सीपी राधाकृष्णान ने रवाना किया। इस अवसर पर रांची विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो डॉ अजीत कुमार सिन्हा ने राज्यापाल से मुलाकात की और रांची विश्वरविद्यालय तथा एनएसएस के छात्रों को इस प्रभात फेरी सह तिरंगा यात्रा के लिये प्रोत्साहित किया।

### रांची विवि ने निकाली हर घर तिरंगा प्रभातफेरी

### भारत एक था, एक है और हम एक रहेंगे

राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन को कुलपति आरयू डॉ अजीत कुमार सिन्हा ने प्रभात फेरी में भारत माता, लक्ष्मी बाई तथा सभी भारतीय परिधानों में सजे कलाकार छात्र-छात्राओं से मुलाकात कराया। राज्यापाल ने विभिन्न रूपों में सजे छात्रों का उत्साहवर्द्धन किया। इस अवसर पर राज्यपाल ने अपने संबोधन में कहा कि भारत एक था, एक है और हम एक रहेंगे। उन्होंने सबों के साथ तस्वीरें खिंचवाई, शुभकामनायें दीं और सबों के साथ भारत माता की जय का नारा भी लगाया। इसके बाद झंडा दिखा कर तिरंगा यात्रा प्रभात फेरी को रवाना किया।

### भक्ति गानों और नारों के साथ हुई प्रभातफेरी

राजभवन से प्रारंभ हुए तिरंगा यात्रा प्रभात फेरी में सैकड़ों छात्र और शिक्षक हाथों में तिरंगा लिये देशभक्ति गानों और नारों के साथ बेसिक साईंस परिसर स्थित आर्यभट्ट सभागार पहुंचे। इस तिरंगा यात्रा सह प्रभात फेरी में शामिल छात्रों का नेतृत्व एनएसएस कॉर्डिनेटर ब्रजेश कुमार, विश्वविद्यालय के कुलसचिव डॉ मुकुंद चंद्र मेहता, डीएसडब्ल्यू डॉ सुदेश कुमार साहू , डिप्टी डायरेक्टर वोकेशनल डॉ स्मृति सिंह, डॉ पूनम निगम सहाय, नेहरू युवा केंद्र रांची के उपनिदेशक सर्वेंद्र प्रताप सिंह व अन्य ने किया। आर्यभट्ट सभागार पहुंच कर एनएसएस कॉर्डिनेटर ब्रजेश कुमार तथा सर्वेंद्र प्रताप सिंह ने सबों का आभार जताया।




## उत्तरी बंगाल की खाड़ी में बना चक्रवात, आज रांची समेत कई जिलों में भारी बारिश

**रांची (आजाद सिपाही)।** उत्तरी बंगाल की खाड़ी में बने चक्रवात का असर झारखंड में दिखने लगा है। इसकी वजह से रविवार को रांची समेत राज्य के कई हिस्सों में बारिश हुई। भारतीय मौसम विज्ञान केंद्र रांची के वैज्ञानिक अभिषेक आनंद ने कहा कि बंगाल की खाड़ी में बने चक्रवात का असर झारखंड में सोमवार से ज्यादा दिखेगा। 14 अगस्त को भी कई जगहों पर बारिश व वज्रपात की संभावना है। 15 अगस्त को पूर्वी व पश्चिमी सिंहभूम, सिमडेगा, सरायकेला-खरसांवा, रांची, बोकारो, गुमला, हजारीबाग, तथा रामगढ़ के कुछ जगहों पर भारी बारिश हो सकती है। वहीं 16 और 17 अगस्त को झारखंड के पश्चिमी और दक्षिणी हिस्से में कहीं- कहीं भारी बारिश होगी।









स्वतंत्रता दिवस कार्यक्रम को लेकर किया गया फेरबदल

# राजधानी के ट्रैफिक रूट में बदलाव बड़े वाहनों के प्रवेश पर रहेगी रोक



आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** रांची में स्वतंत्रता दिवस पर मंगलवार को शहर की ट्रैफिक व्यवस्था में बदलाव किया गया है। सुबह छह से रात दस बजे तक शहर में बड़े वाहनों के प्रवेश पर रोक रहेगी। ट्रैफिक एसपी हारिस बिन जमा ने इससे संबंधित आदेश जारी कर दिया है।

जानकारी के अनुसार मोरहाबादी मैदान स्थित आयोजन स्थल तक सिर्फ पासयुक्त वाहनों को ही जाने की अनुमति दी गयी है। मोरहाबादी स्थित आयोजन स्थल से पहले चारों तरफ 15 जगहों पर ड्रॉप गेट लगाये गये हैं। ड्रॉप गेट पर तैनात पुलिसकर्मियों को सख्त निर्देश दिया गया है कि सिर्फ पासयुक्त वाहनों को ही आयोजन स्थल की ओर जाने दिया जाये।

## दूसरे जिलों से आने वाले यहां तक आ सकेंगे

कांके से आने वाले वाहन बोड़ेया, चाइबासा-खूंटी से आने वाले वाहन बिरसा चौक, पलामू-लोहरदगा से आने वाले वाहन तिलता चौक, गुमला - सिमडेगा से आने वाले वाहन आइटीआइ बस स्टैंड, जमशेदपुर से आने वाले वाहन- दुर्गा सोरेन चौक, पतरातू से कांके रोड होते हुए आने वाले वाहन चांदनी चौक, बूटी मोड़ से बरियातू होते हुए आने वाले वाहन बूटी मोड़ तक आ सकेंगे।

## इन जगहों पर बने हैं ड्रॉप गेट: किन्हें अनुमति, किन पर रोक

-डीसी आवास: वीवीआइपी और पासयुक्त वाहन ।
- दीनदयाल नगर : सामान्य वाहनों का प्रवेश वर्जित ।
-डीसी आवास से आगे मोड़: सामान्य वाहन ।
- शिबू सोरेन आवास के पास : सामान्य वाहन वर्जित ।
- हॉकी स्टेडियम / आर्मी मैदान के पास : समारोह में भाग लेने वाले अफसर-मीडिया।
- सब्जी बाजार मोड़ : समारोह में भाग लेने वाले अफसर और पासयुक्त वाहन।
-रांची कॉलेज मोड़: सिर्फ मुख्यमंत्री और वीवीआइपी ।
-सिदो-कान्हू पार्क मोड़: सिर्फ मुख्यमंत्री और वीवीआइपी ।
-रजिस्ट्री ऑफिस के सामने : सामान्य वाहन।
- रजिस्ट्री ऑफिस : आम नागरिकों के वाहनों का प्रवेश वर्जित।
स्टेट गेस्ट हाउस के पास :आम नागरिकों के वाहनों का प्रवेश वर्जित ।
-स्टेट गेस्ट हाउस मोड़ : पूर्वी लेन पर सीएम व वीआइपी ।
दीनदयाल नगर बंधु तिर्की आवास: आम लोगों के वाहनों का प्रवेश वर्जित।
-मुख्य मंच के पीछे : मुख्यमंत्री का कारकेड और वीवीआइपी वाहन।

देश-विदेश की खबरों के लिए क्लिक करें
www.azadsipahi.in

## मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने इडी से एक हफ्ते का समय मांगा

रांची (आजाद सिपाही)। लैंड स्कैम मामले में सीएम हेमंत सोरेन से सोमवार को पूछताछ होनी थी। इडी ने उन्हें समन भेज कर 14 अगस्त को हीनू स्थित क्षेत्रीय कार्यालय में बुलाया था, लेकिन वह नहीं गये। उन्होंने इडी से एक सप्ताह का समय मांगा है। जानकारी के अनुसार पूर्व निर्धारित कार्यक्रमों के कारण उन्होंने इडी से एक हफ्ते का समय मांगा है। इडी ने 8 अगस्त को समन भेज कर उन्हें 14 अगस्त को हाजिर होने को कहा था। केस नंबर 25/23 के आधार पर उन्हें नोटिस भेजा गया था। उधर, सोमवार की सुबह से ही इडी कार्यालय के बाहर सुरक्षा के इंतजाम कर लिये गये थे। वहां जैप के जवानों की तैनाती की गयी थी। वहां हटिया के डीएसपी भी मौजूद थे।












## सीआइएसएफ और पुलिस ने लोयाबाद के गोपा ग्राउंड में चलाया संयुक्त छापामारी अभियान

# 20 टन अवैध कोयला जब्त



अवैध कोयला को जेसीबी मशीन की मदद से हाइवा में किया जा रहा लोड।

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**लोयाबाद।** थाना क्षेत्र के गोपा ग्राउंड में सीआइएसएफ और स्थानीय पुलिस ने सोमवार को संयुक्त रूप से औचक छापामारी कर करीब 20 टन अवैध कोयला जब्त किया। सीआइएसएफ की इस कार्रवाई से कोयला तस्करों में हडकंप मच गया है। यहां पर तीन माह के भीतर यह तीसरी बार छापामारी की गई है। कोयला सात-आठ जगहों पर जमा कर रखा गया था। इससे पहले 17 जून और 28 जुलाई को छापामारी की गयी थी। जब्त कोयले को बांसजोडा कोलियरी को सौंप दिया गया। बतातें चलें कि बांसजोडा रेलवे साइडिंग में कोयले की तस्करी चरम पर है। लोगों का मानना है कि ग्रामीण या मीडिया कर्मी की शिकायत पर सिर्फ दिखावे के लिए छापामारी की जाती है। हालांकि इसके बाद भी कोयले की तस्करी निर्वाध गति से जारी रहती है। इस इलाके में एक संगठित गिरोह सक्रिय है, जो दिन के उजाले में बांसजोडा कोलियरी रेलवे साइडिंग से कोयला तस्कर के लोगों की मदद से कोयला टपाया जात है। कोयला को साइडिंग के बगल की झाड़ियों में जमा कर रखा जाता है। फिर रात के अंधेरे में वाहनों से अन्यत्र भेज दिया जाता है। इसके अलावा इस अवैध कारोबार से जुड़े कुछ लोगों द्वारा बाइक पर कोयला लाद कर केंदुआडिह थाना क्षेत्र के बासुदेवपुर में संचालित अवैध कोयला गोदाम में भी टपाया जाता है। छापामारी में लोयाबाद थाना के मनोज मिश्रा और क्यूआर टीम के जगदीश राम सहित पुलिस व सीआइएसएफ के जवान शामिल थे।

## परियोजना विस्तार का ग्रामीणों ने किया विरोध

# पहले मुआवजा मिले फिर काम करने देंगे : रैयत विस्थापित



रास्ता निर्माण कार्य का विरोध करती रैयत विस्थापित महिलाएं।

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**लोयाबाद।** कनकनी में परियोजना विस्तार को लेकर बनाये जा रहे रास्ता को लेकर सोमवार को खूब हंगामा हुआ। कनकनी बस्ती के दर्जनों रैयत महिलाएं कार्यस्थल पर पहुंच कर रास्ता बनाने में जुटे रामावतार आउटसोर्सिंग कंपनी के कर्मियों को रोक दिया। महिलाएं रास्ता बनाने का विरोध कर रही थीं। विरोध और हंगामा के बाद कंपनी ने रास्ता बनाने का काम बंद कर दिया है। वहीं, महिलाओं का कहना था कि यह हमारी रैयती जमीन है। प्रबंधन पहले मुआवजा दे फिर काम करें। उनका कहना था कि जब तक मुआवजा नहीं मिलेगा आगे रास्ता बनाने का काम नहीं करने दिया जाएगा।

अगर जबरन रास्ता बनाने की कोशिश की जाएगी तो हम लोग आंदोलन के लिए बाध्य होंगे। गौरतलब हो कि रामअवतार कंपनी का सेंद्रा मौजा की ग्रामीण महिलाओं ने पिछले 15 दिनों से चक्का जाम किया हुआ है। इधर, कनकनी प्रबंधन ने ग्रामीणों से रास्ता बनाने का काम बंद नहीं करने का आग्रह किया है। प्रबंधन का कहना है कि जमीन खरीदने में समय लगता है। इस मौके पर राधा देवी, कल्पना देवी, जरीना खातुन, फुतेजा बानो, आयशा खातुन, जुबैदा खातुन, भीम केशरी, संजय केशरी और मुकेश केशरी आदि शामिल थे।

**झारखण्ड सरकार**
**अनुसूचित जनजाति, अनुसूचित जाति, अल्पसंख्यक एवं पिछड़ा वर्ग कल्याण विभाग,**
**डा0 रामदयाल मुण्डा जनजातीय कल्याण शोध संस्थान,मोराबादी, राँची–8.**

पत्रांक–1624 | राँची, दिनांक– 14.08.2023

**शुद्धि पत्र**
**P.R. No. 303731**
**(Expression of Interest)**

संस्थान के पत्रांक 1523 दिनांक 01.08.2023 के आलोक में डॉ0 रामदयाल मुण्डा जनजातीय कल्याण शोध संस्थान राँची में झारखण्ड के अति कमजोर जनजातीय समुदाय (PVTG) के युवाओं को आवासीय JSSC/SSC प्रशिक्षण (कोचिंग) का आयोजन आवासन के साथ किया जाना है। इस निमित अल्पाहार/चाय/भोजनादि की व्यवस्था हेतु निर्धारित मेन्यू के अनुसार प्रति सदस्य प्रतिभागी की दर प्राप्ति हेतु इच्छुक कैटरर/फर्म/प्रतिष्ठानों से मुहरबंद निविदा आमंत्रित की गई थी जिससे संबंधित निविदा प्राप्ति की अंतिम तिथि 08.08.2023 एवं खोलने की तिथि 11.08.2023 रखी गई थी जिसे **विस्तारित करते हुए 17.08.2023 अपराह्न 2.00 बजे तक निविदा प्राप्ति तथा उसी दिन अपराह्न 4.00 बजे खोलने की तिथि निर्धारित किया जाता है।** इच्छुक निविदादाता पूर्व निर्धारित शर्त्तों के अनुरूप मुहरबंद निविदा निर्धारित तिथि तक अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय में जमा कर सकते हैं। निविदा से संबंधित विस्तृत जानकारी संस्थान के सूचनापट्ट एवं वेबसाईट www.trijharkhand.in पर देखा जा सकता है।

**PR 304618 Schedule Tribe, Schedule Caste, Minority and Backward Class Welfare Department(23-24).D**

ह0/–
उप निदेशक

**झारखण्ड सरकार, वन, पर्यावरण एवं जलवायु परिवर्त्तन विभाग**
**वन प्रमण्डल पदाधिकारी का कार्यालय, कोडरमा वन प्रमण्डल**

**सूचना**
**जंगली हाथियों से सुरक्षा के सरल एवं सामान्य उपाय**

मनुष्यों एवं जंगली जानवरों के बीच टकराव की सूचनायें अक्सर मिलती रहती है। इस संदर्भ में यह भी पाया गया है कि कई बार ग्रामीण असावधानी वश अथवा कौतुहल के कारण हाथियों के साथ छेड़–छाड़ करते है या सेल्फी लेने या जंगली हाथियों के विडियों बनाने के लिए नजदीक चले जाते हैं तथा बेवजह उनकी चपेट में आ जाते हैं। कई बार उन्हें अपनी जान से भी हाथ धोना पड़ जाता है।

जब हाथी गाँवों में आयें या उसके आस–पास से गुजरें, तब सभी को निम्नलिखित सावधानियाँ बरतने की अपील की जाती है :

1. हाथी नजर आने पर उसकी सूचना तत्काल नजदीकी वन कर्मी को दें।
2. हाथियों को देखने के लिए पास न जायें और न ही किसी को पास जाने दें।
3. हाथियों के रास्ते को न रोकें और न ही भीड़ जमा होने दें। उनसे पर्याप्त दूरी बनाये रखें (कम से कम 100 मीटर)।
4. हाथियों को लगातार न खदेंड़े एवं जंगल में उनका पीछा न करें। इससे वे क्षुब्ध एवं हिंसक हो जाते है।
5. जंगल से लगे क्षेत्र में खलिहान न बनायें।
6. खलिहानों में रात को न सोयें।
7. खेतों–खलिहानों में रखे या घरों में रखे संग्रहित अनाज को हाथियों द्वारा खाते समय उन्हें न छेड़ें और न ही परेशान करें। नुकसान का उचित मुआवजा विभाग द्वारा दिया जाता है। इसे समय पर प्राप्त करने के लिए अविलम्ब निकटस्थ वन कर्मचारी/पदाधिकारी को सूचित करें।
8. हाथी के चारों ओर कौतुहलवश भीड़ न लगायें। हाथियों को छेड़े नहीं, विशेषकर उनपर पत्थर, गुलेल, तीर, जलता हुआ टायर आदि फेंककर प्रहार न करें।
9. नशे की हालत में अकेले कभी नहीं निकलें।
10. हाथी जिन क्षेत्रों में हों, उसके आस–पास के गाँवों में सेध्या से प्रातः काल तक आवागमन से बचें।
11. क्षेत्र में जब हाथी रहें, तब तक हड़िया या देशी शराब नहीं बनायें। इसका भंडारण भी न करें। हाथी शराब की ओर आकर्षित होते हैं और इसे प्राप्त करने के उद्देश्य से इन स्थलों/घरों/गाँवों में आते हैं, जिससे नुकसान का अवसर उत्पन्न होता है।
12. बिजली वाले गाँवों के घरों एवं खम्भों पर तेज रोशनी वाले बल्ब लगायें। अंधेरे से बचें।
13. हाथी द्वारा कान खड़े कर तथा सूंढ़ उपर कर चिल्लाना इस बात का संकेत है कि वह आप पर हमला करने आ रहा है। अतः तत्काल सुरक्षित स्थान पर चले जाएँ।
14. हाथियों की सूंघने की शक्ति अत्यधिक प्रबल होती है, अतः हाथी को भगाने के क्रम में हवा की दिशा का ध्यान रखें।
15. हवा की दिशा में यदि हाथी हो तो मिर्च का मशाल बनाकर धुआँ करें।
16. मिर्च लपेटी गई रस्सी के साथ–साथ गोबर में भी मिर्च पाउडर डालकर उसे अच्छी तरह मिलाकर सुखाकर रख लें। हाथी के धान खाने के अथवा हाथी आने की सूचना प्राप्त होने पर घर के आंगन या बाहर रात्रि में उसे जला देने से हाथी द्वारा नुकसान से बचा जा सकता है।
17. लाल मिर्च के पाउडर को जले हुए मोबील अथवा ग्रीस में अच्छी तरह मिलाकर उसे मोटी रस्सी में लपेटें। रस्सी को भंडारित अनाज वाले घर के चारों ओर लपेटें अथवा हाथी के गॉव में प्रवेश की दिशा में बाँधें। रस्सी के साथ सफेद या लाल रंग के कपड़े की पट्टी भी बांधकर लटका दें, क्योंकि हाथी लाल और सफेद रंग को नापसंद करते है। इस प्रकिया के 25 से 30 दिनों के अन्दर पुनः दूसरा लेप चढ़ाए।
18. वन प्रबंधन समिति/इको विकास समिति द्वारा गठित दल के सदस्य शिविर में एकत्रित रह कर हाथियों की गतिविधियों पर निगरानी रखें तथा तद्नुसार अन्य ग्रामीणों को आगाह करें।

वन प्रमण्डल पदाधिकारी,
कोडरमा वन प्रमण्डल

**PR304614 (Forest, Environment and Climate Changes)23-24*D**

झारखण्ड सरकार
**राजस्व निबंधन एवं भूमि सुधार विभाग**
(जिला भू–अर्जन कार्यालय, राँची)

**प्रारंभिक अधिसूचना**
(अधिनियम–30/2013 की धारा–11 (1) के अधीन)

**LINK LINE BETWEEN LODHMA-PISKA BY PASSING HATIA/RANCHI PROJECT**

चूँकि झारखण्ड सरकार/समाहर्त्ता को यह प्रतीत होता है कि ग्राम–बारीडीह थाना–नगड़ी, थाना संख्या–237, अंचल–नगड़ी, जिला–राँची में भूमि सार्वजनिक प्रयोजन यथा– LINK LINE BETWEEN LODHMA-PISKA BY PASSING HATIA/RANCHI PROJECT हेतु अपेक्षित है, प्रभावित परिवारों के पुर्नवासन एवं पुनर्व्यवस्थापन के प्रयोजनार्थ अपर समाहर्त्ता अथवा नियम 2(1) (ख) के तहत् नियुक्त पदाधिकारी प्रशासन के रुप में नियुक्त किए गए है। अतएव अधिसूचित किया जाता है कि ग्राम– बारीडीह थाना–नगड़ी, थाना संख्या–237, अंचल– नगड़ी,, जिला–राँची में उपर्युक्त कथित परियोजना के लिए कमोवेश–1.632 एकड़ मानक माप का भूखंड, जिसका विस्तृत विवरणी निम्नलिखित है, अर्जनाधीन है :–

मौजा–बारीडीह

| क्र0 | खाता सं0 | सर्वे प्लॉट सं0 | भूमि का प्रकार | अर्जन के अधीन क्षेत्रफल (एकड़ में) | हितबद्ध व्यक्ति का नाम व पता | सीमा (भूखंड सं0) उ0 | द0 | पू0 | प0 |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 20 | 811 | टाड़ दो | 0.523 | दीना पाहन, वल्द–बुका पाहन, जाति–मुण्डा, निवासी–साकिन | 810 | 941 | 941 | 813 |
| 2 | 20 | 942 | टाड़ दो | 0.667 | | 941 | 944 | 946 | 944 |
| 3 | 22 | 815 | टाड़ तीन | 0.078 | करम दास, हनुक उरांव, पेषरान–अनन्द मसी एक हिस्सा हिस्सा बराबर, व पतरस मसी, वल्द–धामा मसी एक हिस्सा हिस्सा बराबर, जाति–उराँव निवासी–साकिनदेह टोला जरा टोला | 811 | 817 | 941 | 826 |
| 4 | 23 | 626 | परती कदीम | 0.246 | वसन्त लकड़ा, वल्द–पोलुस लकड़ा वहिस्सा बराबर व मसोमात सलोनी, दोख्तरान–हनुक पादवी वहिस्सा बराबर व मसोमात जुनीका, दोख्तरान–हनुक पादरी वहिस्सा बराबर व प्रेम प्रकाष लकड़ा, वल्द हनुक लकड़ा वहिस्सा बराबर व इमानुवेल लकड़ा, वल्द–आसफ लकड़ा वहिस्सा बराबर | 627 | 946 | 946 | 941 |
| 5 | 32 | 813 | टाड़ दो | 0.003 | मंगरा मुन्ड़ा, सोमरा मुण्ड़ा, पेषरान–गोपाल मुण्ड़ा वहिस्सा बराबर, जाति–मुण्डा, निवासी–साकिन देह | 805 | 814 | 811 | 826 |
| 6 | 41 | 946 | परती टोगरी | 0.115 | गैरमंजुरवा मालिक | 945 | 947 | 1189 | 941 |

यह अधिसूचना भू–अर्जन, पुर्नवास और पुनर्व्यवस्थापन में उचित प्रतिकर एवं पारदर्शिता अधिकार अधिनियम, 2013 (अधिनियम संख्या 30/2013), की धारा–11(1) के उपबंधों के अधीन सभी संबंधित व्यक्तियों के लिए जारी की जाती है।

भूमि की योजना का निरीक्षण जिला भू–अर्जन पदाधिकारी, राँची के कार्यालय में किसी कार्य दिवस को कार्यावधि में किया जा सकेगा। झारखण्ड सरकार/समाहर्त्ता–सह–समुचित सरकार उक्त अधिनियम की धारा 12 में यथा–उपबंधित एवं यथा विनिर्दिष्ट कार्यो के समुचित निष्पादन हेतु अपेक्षित किसी भूमि का सर्वेक्षण एवं उसकी प्रविष्टि करने, किसी भूमि के किसी स्तर को मापने के लिए अवभूमि खोदने या भू–वेधन–छिद्र करने सहित सभी अन्य कार्यों के संचालन करने हेतु जिला भू–अर्जन पदाधिकारी, राँची और उनके कर्मचारी को प्राधिकृत करती है।

अधिनियम की धारा 11(4) के अधीन कोई व्यक्ति जिला समाहर्त्ता के पूर्विक अनुमोदन के बिना इस अधिसूचना के प्रकाशन की तिथि से प्रारंभिक अधिसूचना में विनिर्दिष्ट भूमि का कोई अंतरण यथा क्रय/विक्रय नही करेगा या ऐसा कोई अंतरण नही करवाएगा या ऐसी भूमि पर कोई अवभार नही उत्पन्न करेगा। अधिनियम की धारा 15 के अधीन यथा उपबंधित इस अधिसूचना के प्रकाशन की तिथि से साठ (60 दिनों) के अन्तर्गत भू–अर्जन की बाबत किसी प्रकार की अपत्तियाँ हितबद्ध व्यक्ति द्वारा जिला भू–अर्जन पदाधिकारी, राँची के समक्ष दर्ज की जा सकेगी।

ह0/–
उपायुक्त,राँची।

PR 304648 Land Reforms(23-24)D

# झरिया विधायक ने सिंदरी में किया रक्तदान शिविर का उद्घाटन, 77 यूनिट रक्त संग्रह



**आजाद सिपाही संवाददाता**

**झरिया।** जन अधिकार मंच की ओर से 77वें स्वतंत्रता दिवस की पूर्व संध्या यानी सोमवार को सिंदरी स्थित डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी इंटर कॉलेज में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें एसएनएमसीएच की टीम ने कुल 77 यूनिट रक्त संग्रह किया।

शिविर में बतौर मुख्य अतिथि झरिया विधायक पूर्णिमा नीरज सिंह के अलावा कॉलेज के अध्यक्ष सह राजपूत विचार मंच के केंद्रय अध्यक्ष अरुण कुमार सिंह भी शामिल हुए। मंच के अध्यक्ष रंजीत कुमार ने सभी रक्तवीरों को शिविर की सफलता का श्रेय दिया है। वहीं, रक्तदान करने वालों में अपनी नेत्र गंवा चुके श्यामल अडडो उर्फ रंजीत आचार्य, अमीषा पांडेय, तुलीका कुमारी, नवीन कुमार रजक, मो फिरोज अंसारी, राहुल कुंभकार, विकास महतो, पूनम देवी, विजय खात्री, कुणाल कुमार शर्मा, असीम कुमार मुखर्जी, पवन शर्मा, प्रेम नारायण सिन्हा, मंटु कुमार, रोशन राम, सुरेश कुमार, प्रदीप रजवार, आनंद कुमार, आदित्य कुमार आदि शामिल थे। इस मौके पर डॉ परवेज, डॉ रज़िया, राजकुमारी, रीना सिंह, रिद्धि, सावित्री पांडेय, इंदुबाला, सौरभ सिंह, देवनंदन सिंह, विनोद राम, इंद्रमोहन सिंह, कुमार राजेश, प्रशांत कुमार, प्रभात श्रीवास्तव, दीपक रजक और दीपक तिवारी आदि उपस्थित थे।

# आलोक पब्लिक स्कूल से हर घर तिरंगा कार्यक्रम के तहत निकाली गयी प्रभात फेरी

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**फुसरो/बेरमो।** मकोली के सेंट्रल कॉलोनी स्थित आलोक पब्लिक स्कूल से सोमवार को हर घर तिरंगा कार्यक्रम के तहत प्रभात फेरी निकाली गई। इस अवसर पर बच्चों के बीच तिरंगा झंडा का वितरण किया गया। विद्यालय के निदेशक अनीत सिंह एवं प्रधानाध्यापक एचएम प्रसाद की ओर से बच्चों को झंडा देकर प्रभात फेरी करने की अनुमति दी गयी। कार्यक्रम विद्यालय के प्रशासक मनोज पाठक की देखरेख में हुआ। इस प्रभात फेरी में प्रियंका कुमारी, रुखसार प्रवीण, गुंजन तिवारी, मोहम्मद आदिल की ओर से भारत माता, झांसी की रानी, सुभाष चंद्र बोस, महात्मा गांधी एवं चंद्रशेखर आजाद की झांकी प्रस्तुत की गई। सौरभ कुमार ने बच्चों से परेड करवाया। शिक्षक मुक्तिनाथ सिंह, कुलदीप मुखर्जी, पंकज बरनवाल, आनंद कुमार, महताब आलम, सुषमा गांधी, संगीता सिंह, भवानी सिंह, सुषमा कुमारी, पूजा शर्मा, नाज परवीन, आशिया परवीन, सूरज कुमार आदि ने मिलजुल कर प्रभात फेरी को सफल बनाया।

**दक्षिण पूर्व रेलवे निविदा**

**ई-निविदा सूचना सं.: टीआरडी-आरएनसी-23-24-13, दिनांक 14.08.2023;** भारत के राष्ट्रपति के लिए तथा उनकी ओर से वरिष्ठ मंडल विद्युत अभियंता (टीआरडी), दक्षिण पूर्व रेलवे, रांची द्वारा निम्नलिखित कार्य के लिए ई-निविदाएं आमंत्रित की जाती हैं। **कार्य का संक्षिप्त विवरण:** रांची मंडल के हटिया-मुरी-कोटशिला एवं हटिया-ओरगा अनुभाग में क्रिटिकल मॉस्ट का प्रतिस्थापन। **कार्य की अनुमानित लागत:** रु. 2,22,52,801.80। **ईएमडी/बोली सुरक्षा:** रु. 2,61,300; **बंद होने की तारीख एवं समय:** 08.09.2023 को अपराह्न 3.00 बजे। **वेबसाइट का विवरण एवं ब्यौरा:** **www.ireps.gov.in;** निविदा का विवरण वेबसाइट **http://www.ireps.gov.in** पर देखा जा सकता है। निविदादाताओं/बोलीदाताओं के पास क्लास-III डिजिटल सिग्नेचर सर्टिफिकेट अवश्य होना चाहिए तथा आईआरईपीएस पोर्टल पर पंजीकृत होना चाहिए। सिर्फ पंजीकृत निविदादाता/बोलीदाता ही ई-निविदा प्रणाली में भाग ले सकते हैं। **(PR-512)**

**जिला ग्रामीण विकास अभिकरण, चतरा**

**आम सूचना**

ग्रामीण विकास विभाग, झारखण्ड रांची के पत्रांक 2403 (अनु0) दिनांक 07.06.2023 से सूचित किया गया है कि श्री मंटु कुमार, गणेश कुमार, अमन कुमार यादव, निर्मल कुमार यादव, चेतलाल कुमार ठाकुर, रोहित कुमार सिंह, मनीश रंजन, प्रवीन कुमार साहु, द्वारा श्री प्रदीप कुमार सहायक परियोजना पदाधिकारी एवं जिला ग्रामीण विकास अभिकरण, चतरा में कार्यरत अन्य पदाधिकारियों/कर्मियों के विरूद्ध अवैद्य राशि वसूली का आरोप लगाया गया है ।

उक्त के आलोक में उपरोक्त शिकायतकर्ता को सूचित किया जाता है कि उपरोक्त वर्णित पदाधिकारियों/कर्मियों के द्वारा अवैद्य राशि वसूली से संबंधित साक्ष्य के साथ 72 घंटे के अन्दर अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय में उपस्थित होकर अपना पक्ष रखना सुनिश्चित किया जाय ।

उप विकास आयुक्त
चतरा

**PR304629 (Rural Development)23-24*D**

**कार्यालय उपायुक्त-सह-जिला दण्डाधिकारी, रांची**
**(जिला नजारत शाखा)**

**आमंत्रण**

स्वतंत्रता दिवस समारोह 15 अगस्त 2023 के अवसर पर
मोरहाबादी मैदान में प्रातः 9.00 बजे
माननीय मुख्यमंत्री, झारखण्ड
**श्री हेमन्त सोरेन**
द्वारा सशस्त्र बल संयुक्त परेड निरीक्षण एवं झण्डोत्तोलन कार्यक्रम में आपकी उपस्थिति प्रार्थनीय है।

आयुक्त,
दक्षिणी छोटानागपुर प्रमण्डल, राँची

**PR 304615 Ranchi (23-24)_D**

**जिला मत्स्य कार्यालय, सिमडेगा**

**मत्स्य कृषकों का पाँच दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम हेतु सूचना**

एतद् द्वारा मुख्य अनुदेशक, मत्स्य किसान प्रशिक्षण केन्द्र, रॉची का पत्रांक 429, दिनांक–26.07.2023 के आलोक में वित्तीय वर्ष 2023–24 में जिला के मत्स्य उत्पादकों का पाँच दिवसीय प्रशिक्षण हेतु 225 लाभुकों के प्रशिक्षण का भौतिक लक्ष्य प्राप्त हुआ है। मत्स्य उत्पादकों का पाँच दिवसीय प्रशिक्षण मत्स्य किसान प्रशिक्षण केन्द्र शालीमार, धुर्वा, रॉची में किया जाना है। आवेदन–पत्र जिला मत्स्य कार्यालय, सिमडेगा से निःशुल्क प्राप्त किया जा सकता है। लाभ लेने वाले प्रशिक्षणार्थियों को प्रति प्रशिक्षणार्थी प्रति दिन मो0– 200/–(दो सौ) रू0 मात्र की दर से पाँच दिनों का कुल 1000/– (एक हजार) रू0 मात्र भुगतान किया जाएगा। इसके अतिरिक्त प्रत्येक प्रशिक्षणार्थी को अधिकतम मो0– 600/– (छः सौ) रू0 मात्र मार्ग व्यय (अथवा वास्तविक भाड़ा जो भी कम हो, जिला मुख्यालय से रॉची मुख्यालय तक) भुगतान किया जएगा। प्रशिक्षणार्थियों को मानेदय का भुगतान उनके बैंक खाता के माध्यम से ही किया जाएगा। अतः कृपया वैसे मत्स्य कृषकों को ही जाना है जिनका बैंक में खाता हो। वैसे मत्स्य कृषकों को प्रशिक्षण में नहीं जाना है जिनका बैंक में खाता नहीं है। किसी भी प्रशिक्षणार्थी को नगद भुगतान नहीं किया जाएगा। गंभीर बिमारी से ग्रसित मत्स्य कृषक तथा गर्भवती अथवा स्तनपान कराने वाली महिला मत्स्य कृषक को नहीं भेजा जाना है।

**राज्य स्तरीय पाँच दिवसीय प्रशिक्षण की कार्यक्रम सारणी।**

| क्र0 सं0 | प्रशिक्षण स्थल का नाम | प्रति बैच प्रशिक्षणार्थियों की सं0 | तिथि का निर्धारण |
|---|---|---|---|
| 1 | मत्स्य किसान प्रशिक्षण केन्द्र शालीमार, धुर्वा, रॉची | 20 | 08.09.2023– 12.09.2023 |
| 2 | | 20 | 05.10.2023– 09.10.2023 |
| 3 | | 20 | 06.11.2023– 10.11.2023 |
| 4 | | 20 | 14.12.2023– 18.12.2023 |
| 5 | | 20 | 13.01.2024– 17.01.2024 |
| 6 | | 20 | 08.02.2024– 12.02.2024 |
| 7 | | 20 | 05.03.2024– 09.03.2024 |

जिला के वेबसाईट www.simdega.nic.in से भी आवेदन पत्र डाउनलोड किया जा सकता है।

जिला मत्स्य पदाधिकारी
सिमडेगा

PR 304667 Fish (23-24)_D

# मेरी माटी, मेरा देश अभियान को लेकर कार्यक्रम का आयोजन

**सभी को पंच प्राण की शपथ दिलाई**

आजाद सिपाही संवाददाता





**कोडरमा।** आजादी के अमृत महोत्सव के तहत मेरी माटी मेरा देश अभियान के तहत कोडरमा प्रखंड परिसर में जिला स्तरीय कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में विधायक डॉ नीरा यादव, उपायुक्त मेघा भारद्वाज शामिल हुईं। नगर प्रशासक विनीत ने अतिथियों को पौधा देकर सम्मानित किया। सीडी बालिका उच्च विद्यालय के बच्चियों द्वारा देशभक्ति गीत गाकर शुरूआत किया गया। कार्यक्रम में देश के लिए अपना सर्वोच्च बलिदान देने वाले स्वतंत्रता सेनानी एवं वीर शहीदों को याद किया गया। विधायक डॉ नीरा यादव ने कहा कि हमलोग स्वतंत्रता के अमृत महोत्सव के तहत मेरी माटी मेरा देश अभियान मना रहे हैं। जिसमें मिट्टी को नमन और वीरों का वंदन कर रहे हैं। उपायुक्त मेघा भारद्वाज ने बताया कि पूरे देश मे मेरी मिट्टी, मेरा देश कार्यक्रम चलाया जा रहा है। और इसी कड़ी में कोडरमा जिले में भी मेरी मिट्टी, मेरा देश अभियान चल रहा है। इस कार्यक्रम में शहीदों, स्वतंत्रता सेनानियों को याद किया जा रहा है। अभियान के तहत जिले के सभी पंचायतो, प्रखंड मुख्यालयों एवं नगर निकाय में चलाया गया, मिट्टी का संग्रहण कर मिट्टी कलश को प्रखंड मुख्यालयों एवं जिला मुख्यालय से राष्ट्रीय राजधानी नई दिल्ली ले जाया जायेगा, जहां देशभर की माटी को एकत्र कर 30 अगस्त को मुख्य कार्यक्रम का आयोजन किया जायेगा। विधायक डॉ नीरा यादव, उपायुक्त मेघा भारद्वाज, पुलिस अधीक्षक कुमार गौरव, वन प्रमंडल पदाधिकारी सूरज कुमार सिंह ने संयुक्त रूप से शिला फलक का अनावरण किया। वहीं शहीद शाशिन्द्र कुमार शर्मा के परिवार को सम्मानित किया गया। वहीं विधायक डॉ नीरा यादव, उपायुक्त मेघा भारद्वाज, पुलिस अधीक्षक कुमार गौरव, वन प्रमंडल पदाधिकारी सूरज कुमार सिंह द्वारा संयुक्त रूप से अमृत वाटिका में पौधारोपण किया गया। इसके साथ ही हाथ में मिट्टी लेकर पंचप्रण की शपथ दिलायी गयी। उन्होंने वर्ष 2047 तक आत्मनिर्भर और विकसित राष्ट्र को बनाने के सपने को साकार करने, गुलामी की मानसिकता को जड़ से उखाड़ फेंकने, देश की समृद्ध विरासत पर गर्व करने, भारत की एकता को सुदृढ करने और देश की रक्षा करने वालो का सम्मान करने, नागरिक होने का कर्तव्य निभाने की शपथ दिलाई। ध्वजारोहण एवं सामूहिक राष्ट्रगान के साथ कार्यक्रम की समाप्ति हुई। कार्यक्रम में मुख्य रूप से पुलिस अधीक्षक कुमार गौरव, वन प्रमंडल पदाधिकारी सूरज कुमार सिंह, जिला खेल पदाधिकारी कैलाश राम, नगर प्रशासक झुमरीतिलैया विनित, पणन सचिव अभिषेक आनंद, ईडीएम राजदेव महतो समेत अन्य मौजूद रहे।

## बड़कागांव पश्चिमी पंचायत में मेरी माटी मेरा देश के तहत कार्यक्रम आयोजित



**बड़कागांव।** बड़कागांव पश्चिम पंचायत के ग्राम लंगातू में मुखिया रंजीत कुमार की अध्यक्षता में मेरा माटी मेरा देश के तहत वसुधा बंधन पौधरोपण, शीला फाल्कम का उद्घाटन, अमृत कलश एवं दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। इसमें मुख्य रूप से मुखिया संघ अध्यक्ष रंजीत कुमार ,उप मुखिया सत्यदेव कुमार, पंचायत सचिव अशोक नारायण तिवारी, ग्राम रोजगार सेवक दीपक कुमार, वार्ड सदस्य किशोर कुमार मेहता, अनिता कुमारी, अभिमन्यु चौधरी, बुधन तूरी, वार्ड सदस्य प्रतिनिधि रविंद्र कुमार, सुनील कुमार, शशि कुमार तुरी, दिलीप कुमार एवं सैकड़ों ग्रामीण उपस्थित थे।

## झुका पोल खतरे को दे रहा आमंत्रण



**मरकच्चो (आजाद सिपाही)।** मरकच्चो प्रखंड के पंचायत नावाडीह वन के मौजा पिपराडीह स्थित झंडू आहार के समीप 11 हजार प्रवाहित तार का पोल कई दिनों से झुका हुआ है। जिसके गिरने से कभी भी बड़ी घटना घट सकती है। ग्रामीणों ने बताया कि अगर झुके हुए पोल को अविलंब ठीक नहीं कराया गया तो कभी भी बड़ी घटना घट सकती है।

## स्वतंत्रता दिवस पर सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन

**मरकच्चो (आजाद सिपाही)।** प्रखण्ड के नावाडीह 1 पंचायत स्थित भारती उच्च विद्यालय नावाडीह 1 में 77 वें स्वतंत्रता दिवस के मौके पर मंगलवार को विद्यालय के छात्र-छात्राओं ने सांस्कृतिक कार्यक्रम सह प्रतिभा सम्मान समारोह का आयोजन किया जायेगा। उक्त बातों की जानकारी विद्यालय के निदेशक सह प्राचार्य महाबीर प्रसाद वर्मा ने दी। उन्होंने बताया कि कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में पूर्व जिप अध्यक्ष शालिनी गुप्ता उपस्थित रहेंगी। वहीं विशिष्ट अतिथि के रूप में भाजपा नेता राजकुमार यादव, प्रखण्ड विकास पदाधिकारी पप्पु रज्जक, सम्मानित अतिथि स्थानीय मुखिया वैजन्ती देवी उपस्थित रहेंगी। उन्होंने यह भी बताया कि मंगलवार पूर्वाह्न 9 बजे ध्वजारोहण किया जायेगा। इसके बाद पूर्वाह्न 9 : 30 बजे कार्यक्रम की शुरूआत की जायेगी।

## सेवानिवृत्त शिक्षक के निधन पर शोक

**सतगावां (आजाद सिपाही)।** थाना क्षेत्र के नावाडीह निवासी सेवानिवृत्त शिक्षक सरजू शरण प्रसाद का निधन सोमवार की शुवह अपने पैतृक गांव में हो गया। वे 69 वर्ष के थे। प्रखंड के उप प्रमुख मनोज कुमार निराला, मुखिया संघ अध्यक्ष उत्तम सिंह, सांसद प्रतिनिधि विनोद यादव, मुखिया प्रतिनिधि श्रीकांत यादव, बालेश्वर प्रसाद यादव, मथुरा प्रसाद यादव, नारायण राय, श्रावण रविदास, वीरेंद्र राय, मंटू चौधरी आदि ने बताया कि वह अपने सेवा कल के दौरान अपने कार्यों के प्रति हमेशा सजग रहे थे। उनके निधन पर सुनील यादव, ब्यूटी कुमारी, दीपेश अग्रवाल, अमित अग्रवाल, विकास पांडेय, सुधीर सिंह, शंकर देव प्रजापति, प्रवीण कुमार, नरेश यादव, गुलशन कुमार, वीरू कुमार, वाल्मीकि प्रसाद यादव, तिलकधारी यादव, पिंटू यादव, गुलजारी साव, रामविलास यादव, बालेश्वर यादव सिपाही, महेंद्र राजवंशी, चंदन कुमार, निरंजन कुमार, राकेश कुमार ने निधन पर शोक जताया है।

## मेरी माटी, मेरा देश के तहत कार्यक्रम आयोजित

**कोडरमा (आजाद सिपाही)।** कोडरमा जिले के सभी प्रखंडों के विभिन्न पंचायतों में मेरा माटी मेरा देश के तहत विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किया गया। पंचायतों में आयोजित मेरा माटी मेरा देश कार्यक्रम के तहत सर्वप्रथम शीलाफलकम की स्थापना, पंचप्राण एवं विभिन्न गांव का मिट्टी का संग्रहण, वसुधा वंदन, वीर वंदन एवं ध्वजारोहण एवं राष्ट्रगान का आयोजन किया गया। इसमें विभिन्न पंचायतों के सभी जनप्रतिनिधि मुखिया, उप मुखिया, पंचायत समिति सदस्य, सभी वार्ड सदस्य एवं पंचायत स्तरीय विभिन्न कर्मी पंचायत सेवक, ग्राम रोजगार सेवक, बीएफटी एवं प्रखंड की सभी ग्रामीण जनता ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया और भारत माता की जय, वंदेमातरम, वीर शहीद अमर रहे इत्यादि नारों के साथ आजादी के 75 में अमृत महोत्सव पर मेरी माटी मेरा देश कार्यक्रम को हर्षोल्लास के साथ मनाया गया।















# परिजनों की हालत देखकर दिल कांप उठाः प्रतुल शाहदेव



**लातेहार (आजाद सिपाही)।** जिले के बालूमाथ प्रखंड में स्थित स्वर्गीय राजेंद्र साहू जी के घर जाकर श्रद्धा सुमन अर्पित किया। प्रतल शाहदेव ने कहा कि अविलंब इस हत्या को अंजाम देने वाले हत्यारे और मास्टरमाइंड की गिरफ्तारी हो वरना जनता खामोश नहीं बैठेगी।

# अमिताभ चौधरी के पुत्र ने जेएससीए सचिव को भेजा नोटिस

## जेएससीए सचिव संजय सहाय को नोटिस भेजे जाने की जानकारी नहीं

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** झारखंड स्टेट क्रिकेट एसोसिएशन (जेएससीए) की वर्तमान कमिटी और जेएससीए के पूर्व अध्यक्ष दिवंगत अमिताभ चौधरी के परिजन अमिताभ चौधरी की स्वर्ण जड़ित प्रतिमा लगाने के प्रस्ताव आने से पहले आमने-सामने दिख रहे हैं। अमिताभ चौधरी के बेटे अभिषेक चौधरी ने कड़ा विरोध जाहिर करते हुए जेएससीए के सचिव देबाशीष चक्रवर्ती को अपने वकील के माध्यम से नोटिस भेजा है। अभिषेक चौधरी ने अपने नोटिस में स्वर्ण जड़ित प्रतिमा लगाये जाने के प्रस्ताव को दिवंगत अमिताभ चौधरी के परिवार और परिजनों ने उनके जीवन मूल्यों, आदर्शों और संघर्षों पर कड़ा प्रहार बताया है। परिवार ने जेएससीए के सचिव को नोटिस भेजकर गंभीर आपत्ति जतायी है। साथ ही कुछ आवश्यक जानकारियां भी मांगी है, ताकि स्वर्गीय अमिताभ चौधरी की विरासत को अक्षुण्ण रखा जा सके।

**नोटिस का जवाब सात दिनों के अंदर मांगाः** अभिषेक चौधरी ने बताया कि स्वर्गीय अमिताभ चौधरी व्यक्ति पूजा और बाहरी आडंबर के गंभीर विरोधी थे। उनके लिए कर्म ही पूजा था। अभिषेक चौधरी ने जेएससीए सचिव देबाशीष चक्रवर्ती से नोटिस का जवाब सात दिनों के अंदर मांगा है।

**प्रतिमा लगाने पर अभी अंतिम फैसला नहींः जेएससीए अध्यक्ष** इधर, इस मामले में जेएससीए के अध्यक्ष संजय सहाय ने कहा कि स्वर्गीय अमिताभ चौधरी की प्रतिमा लगाने पर अभी अंतिम फैसला नहीं हुआ है।

**16 अगस्त की बैठक में इस पर मुहर लग सकती हैः** इस सिलसिले में जेएससीए के कोषाध्यक्ष राजीव बदान ने कहा कि प्रतिमा लगाने का प्रपोजल सभी कमेटी मेंबर का है। 16 अगस्त की बैठक में इस पर मुहर लग सकती है।

# हेरहंज में सभी दुकानें बंद, आक्रोश



**हेरहंज (आजाद सिपाही)।** लातेहार के पूर्व जिला परिषद उपाध्यक्ष सह कोयला व्यवसाई राजेंद्र प्रसाद साहू के हत्या के विरोध में हेरहंज बस स्टैंड के व्यवसाई संग ने अपनी अपनी दुकानें किया बंद। बतादे की पूर्व जिला परिषद उपाध्यक्ष सह कोयला व्यवसायी राजेंद्र प्रसाद साहू अब इस दुनिया में नहीं रहे। उन्होंने सोमवार की सुबह तकरीबन तीन बजे मेडिका अस्पताल, रांची में अंतिम साँसें ली। आपको बता दें कि गत 12 अगस्त को अज्ञात अपराधियों ने उनपर हमला किया था। इस दौरान अपराधियों ने उन्हें चार गोलियां मारी थीं। इस हमले में वे गंभीर रूप से घायल हो गये थे। उनका इलाज रांची के मेडिका अस्पताल में चल रहा था, जहां अहले सुबह करीब तीन बजे उन्होंने अंतिम साँसें लीं। उनके निधन से हेरहंज में गम और आक्रोश का माहौल है।




# हुसैनाबाद के युवा कामगार की भुसावल में मौत



**हुसैनाबाद (आजाद सिपाही)।** हुसैनाबाद प्रखंड के पथरा पंचायत के पथरा गांव निवासी विशुनपत पासवान का 26 वर्षिय पुत्र प्रिंस कुमार की महाराष्ट्र के भुसावल में सर्पदंश से मौत हो गयी। वहीं मौत की खबर मिलते ही परिजनों में कोहराम मच गया। परिजनों ने बताया कि घर की आर्थिक तंगी रहने के कारण वह कमाने के लिए महाराष्ट्र के भुसावल में ईगल कंपनी में डाटा एंट्री ऑपरेटर का काम करता था। शनिवार को अपने ऑफिस से निकल कर खाना खाने जा रहा था, उसी क्रम में विषैले सर्प ने डंस लिया। उसके साथियों ने उसे तत्काल वहां के स्थानीय अस्पताल में पहुंचाया, जहां चिकित्सक ने उसे देखने के बाद मृत घोषित कर दिया। वहीं कागजी प्रक्रिया पूरी करने के बाद एम्बुलेंस से शव को उसके घर पर सोमवार को लाया गया। शव पहुंचते ही उसके परिजनों की चीत्कार से पूरा माहौल गमगीन हो गया। उसकी मौत से घर का कमाउ पुत्र का साया उठ गया। उसका अंतिम संस्कार कररबार नदी स्थित शमशान घाट पर किया गया, उसके शव यात्रा में काफी संख्या में ग्रामीण लोग शामिल थे। उनके मौत पर बिधायक कमलेश कुमार सिंह, बिससूत्री अध्यक्ष योगेंद्र सिंह,बिधायक प्रतिनिधि अजित सिंह, एनसीपी के युवा नेता सूर्या सोनल सिंह, राजद के प्रदेश सचिव जाकिर अली, मुखिया नरेश पासवान आदि ने गहरी शोक संवेदना व्यक्त की है।

# हर घर तिरंगा अभियान से लोगों में राष्ट्रभक्ति की भावना जागृत हुई हैः वीडी राम



**हुसैनाबाद (आजाद सिपाही)।** पीएम नरेंद्र मोदी की तरफ से देशवासियों से हर घर तिरंगा अभियान में हिस्सा लेने की अपील की गयी है। उसी के मद्देनजर भाजपा सैन्य प्रकोष्ठ प्रदेश के संयोजक कर्नल डॉ संजय कुमार सिंह ने हुसैनाबाद स्थित अपने आवासीय कार्यालय पर हर घर तिरंगा कार्यक्रम का आयोजन किया। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में पहुंचे पलामू सांसद वीडी राम और औरंगाबाद सांसद सुशील कुमार सिंह ने संयुक्त रूप से लोगों को तिरंगा देकर हर घर तिरंगा कार्यक्रम का शुभारंभ किया। अपने विचार व्यक्त करते हुए सांसद सुशील सिंह ने कहा कि आजादी का अमृत महोत्सव के रूप में, हर घर तिरंगा अभियान का आयोजन 13 से 15 अगस्त तक देशभर में किया जा रहा है। पलामू सांसद वीडी राम ने कहा कि इस अभियान का उद्देश्य व्यक्तियों को प्रेरित करना है कि वे अपने आवासों पर गर्व से राष्ट्रीय ध्वज प्रदर्शित करें। इस राष्ट्रव्यापी अभियान में हुसैनाबाद के सभी नागरिकों से मैं अपील करता हूं कि वे 13 से 15 अगस्त तक अपने घरों, कार्यालयों आदि पर राष्ट्रीय ध्वज फहराकर हर घर तिरंगा अभियान के जश्न में शामिल हों। अपने संबोधन के द्वारा कर्नल संजय सिंह ने कहा कि हर घर तिरंगा अभियान सरकार के प्रयासों का हिस्सा है जो भारत की जनता में राष्ट्रभक्ति और देशभक्ति को बढ़ावा देने के लिए किए जा रहे हैं। सरकार ने स्कूल, कॉलेज और अन्य शैक्षिक संस्थानों से भी इस अभियान में भाग लेने की अपील की है। हर घर तिरंगा अभियान भारत के लोगों के बीच देशभक्ति को बढ़ावा देने के लिए एक अच्छी पहल है। इस अवसर पर समाजसेवी बिंदेश्वरी यादव, महुअरी पसंस बद्रीनारायण सिंह, पुर्व मुखिया लालधन ठाकुर, राजीव रंजन सिंह, पूर्व जिला परिषद सदस्य धिरेन्द्र बैठा, बुटन यादव, संतोष सिंह, मनोज शर्मा, रवि रंजन सिंह, लालबहादुर सिंह, कपिल देव राम, अमित सिंह, चंपा देवी, लालमती देवी, गीता देवी सहित सैकड़ों लोग उपस्थित थे।

# अवैध बालू लदा ट्रैक्टर जब्त

**सेन्हा-लोहरदगा (आजाद सिपाही)।** क्षेत्र भ्रमण के दौरान पुलिस कारवाई करते हुए उगरा से एक ट्रैक्टर अवैध बालू लोडडे को जब्त कर अंचलाधिकारी को किया गया सूचनार्थ। सेन्हा अंचल क्षेत्र से अवैध रूप से बालू का उठाव कोयल नदी से परिवहन के दौरान सेन्हा थाना पुलिस ने कारवाई करते हुए उगरा से जब्त कर थाना परिसर में सुरक्षित रखा गया। और अग्रतर कारवाई हेतु खनन विभाग को सूचनार्थ किया गया। इस संदर्भ में प्रभारी थाना प्रभारी एस आयी गणेश कुमार यादव ने बताया कि 15 अगस्त को लेकर विधिव्यवस्था में क्षेत्र भ्रमण कर बालू लोडडे ट्रैक्टर को परिचालन करते हुए पकड़ा गया है। जिसमें अवैध बालू लोड था। जिसे जब्त कर थाना लाया गया और खनन अधिनियम के तहत अग्रतर कार्रवाई हेतु सेन्हा अंचलाधिकारी विजय कुमार को सूचनार्थ किया गया है। साथ ही उन्होंने कहा कि अवैध बालू ढोलाई को लेकर आगे भी कारवाई जारी रहेगा। इस संदर्भ में अंचलाधिकारी विजय कुमार ने बताया कि पुलिस प्रशासन द्वारा अवैध बालू लोडेड ट्रैक्टर जब्त की सूचना प्राप्त हुआ है। जिसके आलोक में खनन विभाग लोहरदगा के पदाधिकारी एवं परिवहन विभाग को अग्रतर कारवाई हेतु अवगत कराया गया है।









# 'मेरे घर आ के तो देखो' राष्ट्रीय अभियान 15 अगस्त से 2 अक्टूबर तक: सुबोध सिंह पवार

आजाद सिपाही संवाददाता




**बैदकारो (बेरमो)।** संडे बाजार अब्दुल हमीद स्मृति भवन में सोमवार को शोषण मुक्ति वाहिनी और यूनाइटेड मिल्ली फोरम के सदस्यों ने प्रेस कॉन्फ्रेंस कर कहा कि 15 अगस्त से 2 अक्टूबर तक मेरे घर आ के तो देखो राष्ट्रीय अभियान शुरू किया जा रहा है। प्रेस कॉन्फ्रेंस में उपस्थित शोषण मुक्ति वाहिनी बेरमो के प्रमुख सलाहकार सुबोध सिंह पवार अध्यक्ष श्याम मुंडा सचिव मुन्ना सिंह सदस्य गणपत रविदास, रतन निषाद यूनाइटेड मिल्ली फोरम के अफजल अनीस, जावेद अंसारी, मिराज अंसारी, नौशाद अंसारी ने कहा कि धर्मनिरपेक्ष और लोकतांत्रिक समूह के द्वारा एक राष्ट्रीय स्तर का अभियान शुरू किया जा रहा है। इस अभियान के दौरान एक समुदाय के लोग दूसरे समुदाय के घर जायेंगे उनके साथ कुछ घंटे बितायेंगे और साथ बैठकर नाश्ता खाना खायेंगे। मिलने जुलने वाला यह मामूली सा काम हम विश्वास करते हैं कि मौजूदा निर्मित रूकावटों से उभरने में महत्वपूर्ण भूमिका निभायेगा। देश के हर तरफ गिरना हिंसा और नफरत का माहौल बनाया जा रहा है नफरत की आग जो देश में फैली है उस आग में देश झुलस रहा है। आये दिन कहीं ना कहीं नफरत के नाम पर कुछ ना कुछ घटनाएं घटती रहती है। कुछ लोग समाज में नफरत फैलाने का काम कर रहे हैं। ऐसे लोगों को हसीये पर धकेलना के लिए मेरे घर आ के देखो जैसा राष्ट्रीय अभियान चलाया जा रहा है। इसी अभियान के तहत 15 अगस्त को शोमुवा और यूनाइटेड मिल्ली फोरम के सदस्य बेरमो स्टेशन में रहने वाले फेरी कर गुजारा करने वाले मुस्लिम समुदाय के घर जाकर नाश्ता और खाना खायेंगे। यह राष्ट्रीय अभियान देश में रहने वाले 140 करोड लोगों के बीच आपसी सद्भावनायें कायम रहे यही हम सभी लोगों का मुख्य उद्देश्य है।

## भाकपा माले ने आजादी मार्च जुलूस निकाला, सभा की

**बरवाडीह।** प्रखंड भाकपा माले प्रखंड इकाई द्वारा सोमवार को आजादी मार्च प्रखंड मुख्यालय स्थित शहीद भगत सिंह चौक निकल कर नगर भ्रमण अंबेडकर चौक पहुंच कर समाप्त हुआ। जिसका नेतृत्व प्रखंड सचिव कॉमरेड कमलेश सिंह और कृष्णा सिंह ने किया। जुलूस में शामिल लोगो ने मोदी हटाओ देश बचाओ, भाजपा हटाओ जल जंगल जमीन बचाओ, भाकपा जिंदाबाद,आइसा जिंदाबाद,आर वाई ए जिंदाबाद, मणिपुर को जलाना बंद करो, आदिवासियों पर हमला नही चलेगा, शिक्षा को बाजारीकरण करना बंद करो, मोदी जी मुद्दा मत भटकाओ, रोजगार कहा है ये बतलाओ आदि नारे भी लिखा रहे थे।







## उपायुक्त ने की आकांक्षी प्रखंड डुमरी के सर्वांगीण विकास की प्रगति की समीक्षा

आजाद सिपाही संवाददाता

**डुमरी।** उपायुक्त कर्ण सत्यार्थी की अध्यक्षता में सोमवार को डुमरी प्रखंड कार्यालय सभागार में आकांक्षी प्रखंड डुमरी में सर्वांगीण विकास से संबंधित जून और जुलाई माह में हुए प्रगति से संबंधित समीक्षात्मक बैठक का आयोजन किया गया। उपायुक्त ने आकांक्षी प्रखंड विकास अंर्तगत विभिन्न संकेतकों की स्थिति की बिंदुवार समीक्षा की। उन्होंने स्कूलों के इन्फ्रास्ट्रक्कर सहित शिक्षा के गुणवत्ता, शिक्षा व्यवस्था आदि की समीक्षा की। उन्होंने सभी विद्यालयों में बिजली और पानी की व्यवस्था दुरुस्त हो इसे प्राथमिकता देने की बात कही। जिन विद्यालयों में बिजली एवं शौचालय की व्यवस्था नहीं है उसकी सूची बनाते हुए अविलंब प्रस्ताव देने का निर्देश दिया। विद्यालयों के कंप्यूटर क्लास/आईटीआई क्लास रूम को फंक्शनिंग बनाने और प्रति दिन बच्चों को रूटीन के अनुसार कंप्यूटर क्लासेस करवाने की बात कही। आंगनवाड़ी केंद्रों के सुदृढ़ीकरण से संबंधित विषयों में समीक्षा करते हुए उन्होंने जर्जर पड़े भवनों की मरम्मती करवाने और सभी आंगनवाड़ी केंद्रों में शौचालय और जल मीनारों को दुरुस्त करने की बात कही। इसी प्रकार डुमरी में स्वास्थ्य की अलग-अलग संकेतकों के अनुसार समीक्षा की गयी। इस दौरान उपायुक्त ने इलाजरत कुपोषित और एनिमिक बच्चों की स्थिति की भी जानकारी ली, साथ ही डुमरी में कुपोषित बच्चों के आंकड़े का भी विश्लेषण किया। उपायुक्त ने कृषि, हॉर्टिकल्चर, भूमि संरक्षण, विभाग की समीक्षा करते हुए खाद और बीज की उपलब्धता, फसलों की उत्पादकता, सिंचाई के लिए जल की उपलब्धता, सिंचित क्षेत्र, पशु टीकाकरण, बागवानी आदि की भी समीक्षा की।

उन्होंने सभी कृषकों के जमीन का सॉयल हेल्थ कार्ड बनाने की बात कही। उपायुक्त ने शत प्रशिक्षण किसानों का केसीसी करने का निर्देश दिया, साथ ही बैंक स्तरों पर कृषकों के लोन अप्रूव करने से संबंधित लंबित कार्यों को प्राथमिकता के आधार पर पूर्ण करने की बात कही। उपायुक्त ने आगामी कार्ययोजना के अंतर्गत संबंधित विभागों को आवश्यक निर्देश भी दिए।

बैठक में मुख्य रूप से उप विकास आयुक्त, अपर समाहर्ता, सिविल सर्जन, समाज कल्याण पदाधिकारी, भूमि संरक्षण पदाधिकारी, शिक्षा अधीक्षक, बीडीओ डुमरी सहित विभिन्न पंचायतों के मुखिया के अलावा संबधित विभागों के पदाधिकारी और कर्मी उपस्थित रहे।

## प्राचीन शिव मंदिर में कांग्रेसियों ने किया जलाभिषेक



**गुमला।** जिला के सिसई प्रखंड स्थित सावन माह सोमवारी को जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष चैतु उरांव, विष्णु राम, राजू रंजन महतो, तरुण गोप, रूपेश कुमार सनी, बिहारी उरांव, पवन बड़ाईक, मनु उरांव, बसंत बड़ाईक, राजेंद्र तत्वा, बिरसा उरांव, शिवा महतो, सुधीर केशरी, रोहित ठाकुर, सोनु प्रजापति, शशि पांडा, नागेंद्र महतो ने प्राकृतिक सुंदरता से घिरा नवरतनगढ़ बाबा कपिलनाथ धाम प्राचीन शिव मंदिर में सामूहिक रूप से जलाभिषेक करते हुए श्रद्धालु भगवान से अपने मन की पवित्रता, स्वच्छता व हृदय में सद्भावना की कामना करते हुए अपने क्षेत्र, जिला, राज्य और देश के प्रति सभी महादेव के भक्तों के लिए सुखी जीवन की कामना की। चैतु उरांव ने कहा कि गुमला जिला के बाबा कपिल नाथ धाम और नवरत्नगढ़ प्राकृतिक धरोहर है। इसे हम सभी भक्तों को सहेज कर रखना है और इसके विकास के लिए हम सभी को आगे आकर काम करने की आवश्यकता है। पुरोहित मृत्युंजय गिरी के द्वारा विधि विधान से पूजा अर्चना करायी गयी। मौके पर काफी संख्या में महादेव के भक्त उपस्थित थे।






### डीसी ने सीसीएल, पीवीयूएनएल और एजेंसियों के महाप्रबंधक व प्रतिनिधियों के साथ की बैठक

# आपराधिक गतिविधियों के लिए पुराने क्वार्टरों का इस्तेमाल हर हाल में बंद हो: चंदन कुमार

**अनाधिकारिक रूप से पुरानी क्वार्टरों में रह रहे लोगों को चिन्हित कर पुलिस वेरिफिकेशन कराने का निर्देश**

आजाद सिपाही संवाददाता



**रामगढ़।** जिले में विधि व्यवस्था संधारित करने को लेकर सोमवार को डीसी चंदन कुमार ने एसपी पीयूष पांडे के साथ में सीसीएल, पीवीयूएनएल सहित अन्य एजेंसियों के महाप्रबंधकों व प्रतिनिधियों के साथ बैठक की। बैठक के दौरान डीसी ने एसपी के साथ एजेंसीवार जिले के अलग-अलग प्रखंडों में संचालित सीसीएल, पीवीयूएनएल, टाटा सहित अन्य परियोजनाओं में अधिकारियों व कर्मियों के निवास के लिए क्वार्टरों के वर्तमान स्थिति की समीक्षा की। मौके पर डीसी ने सभी महाप्रबंधकों और प्रतिनिधियों को निर्देश दिया कि वे यह सुनिश्चित करें कि उनकी परियोजना अंतर्गत लंबे समय से खाली पड़े क्वार्टरों का इस्तेमाल किसी भी प्रकार की आपराधिक गतिविधि के लिए किसी भी हाल में ना किया जाए। इसके लिए डीसी ने सभी संबंधित महाप्रबंधकों और प्रतिनिधियों को पुराने क्वार्टरों को योजनाबद्ध तरीके से चिन्हित करने व क्वार्टरों में रह रहे लोगों का पुलिस वेरीफिकेशन सहित अन्य कार्यवाई सुनिश्चित करने के संबंध में आवश्यक निर्देश दिए। बैठक के दौरान अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी पतरातु, कार्यपालक दंडाधिकारी सह प्रभारी विधि शाखा, जिला जनसंपर्क पदाधिकारी सहित अन्य उपस्थित थे।

# विधायक ने दो स्कूलों की चहारदीवारी निर्माण का शिलान्यास किया

आजाद सिपाही संवाददाता



**रजरप्पा।** चितरपुर प्रखंड के मारंगमरचा राजकीय उत्क्रमित मध्य विद्यालय एवं उत्क्रमित मध्य विद्यालय बोरोबिंग के डीएमएफटी फंड के द्वारा चारहदीवारी एव गेट निर्माण का शिलान्यास रामगढ़ विधायक सुनीता चौधरी ने शीला पट अनावरण कर किया गया। इस दौरान उन्होंने स्कूल के छात्र छात्राओं को संबोधित करते हुए अपने जीवन में पढ़ाई का हमारे जीवन में कितना महत्व और एक शिक्षक की भूमिका अहम होती है. इससे पूर्व यहां पहुँचे विधायक को माला पहनाकर स्वागत किया गया। मौके पर आजसू जिला उपाध्यक्ष ओमप्रकाश चौधरी, अशोक राम बेदिया, सतीश मुंडा, अनिल चौधरी, खुदीराम बोस, आजसू छात्र संघ जिला सचिव सुबीन तिवारी, मुखिया बसंती देवी, गुलाब चौधरी, ईश्वरी प्रसाद महतो, मोहरलाल महतो, राजेश कुमार और स्कूल के शिक्षकगण छात्र-छात्राएं मौजूद थे।

## सोसो कलां में अमृत वाटिका का शुभारंभ



**गोला।** प्रखण्ड क्षेत्र के सोसो कलां पंचायत अंतर्गत धमना टांड़ गांव में सोमवार को आजादी के अमृत महोत्सव पर ₹मेरी मिट्टी मेरा देश₹ के तहत अमृत वाटिका का शुभारंभ किया गया। इसका शुभारंभ बीडीओ संतोष कुमार, मुखिया नीता देवी के द्वारा किया गया। इस अवसर पर पंच प्रण की शपथ दिलाते हुए पौधे लगाए गए। मौके पर पूर्व मुखिया बजरंग कुमार महथा, उपमुखिया लइक आलम, मनरेगा बीपीओ, रोजगार सेवक, पंचायत सेवक, जेएसएलपीएस के सदस्य मौजूद थे।

## भाजपा ने पतरातू से रामगढ़ तक निकाली तिरंगा यात्रा



**रामगढ़।** भाजपा द्वारा आहूत तिरंगा यात्रा रामगढ़ में भी निकाली गई। सोमवार को सांसद जयंत सिन्हा की अगुवाई में पतरातू से रामगढ़ तक तिरंगा यात्रा में एक नया जोश भर दिया। पार्टी जिलाध्यक्ष प्रवीण मेहता की अध्यक्षता में पतरातु रिसोर्ट के पास से एक तिरंगा यात्रा निकाली गई। सभी सातों मंडलों से आए सैकड़ों कार्यकर्ता राष्ट्रभक्ति गीत और भारत माता की जय के नारों के साथ पूरे क्षेत्र का भ्रमण करते हुए जयंत सिन्हा के साथ रामगढ़ स्थित सुभाष चौक पहुंचे। वही, विभाजन विभीषिका के विरोध में सिद्धु कान्हु मैदान से भाजपा कार्यकताओं ने मौन जुलूस के रूप में थाना चौक पहुंचे।

जहां सांसद जयंत सिन्हा ने गांधी जी एवं बाबा साहेब भीमराव अंबेडकर की प्रतिमा पर माल्यार्पण के बाद कार्यक्रम का समापन किया। तिरंगा यात्रा में राकेश प्रसाद, सदस्य, रणंजय कुमार उर्फ कुंटू बाबू, सांसद प्रतिनिधि प्रकाश मिश्रा, रंजीत पांडे, नारायण चंद्र भौमिक, छोटन सिंह, राजू चतुर्वेदी, सरिता ठाकुर, स्नेहलता चौधरी, सत्यजीत चौधरी, अखिलेश प्रसाद सहित कई लोग मौजूद थे।













# हर घर तिरंगा अभियान को लेकर दिनेश कॉलेज ऑफ एजुकेशन ने प्रभात फेरी निकाली

**प्रत्येक घर में जाकर लोगों से तिरंगा लगाने के लिए किया जागरूक**

आजाद सिपाही संवाददाता




**गढ़वा।** सोमवार को दिनेश कॉलेज ऑफ एजुकेशन में प्रभात फेरी का आयोजन फरठिया गांव तक किया गया। जिसमें हर घर तिरंगा अभियान के तहत प्रत्येक घर में जाकर तिरंगा लगाने के लिए लोगों को जागरूक किया गया। साथ ही महाविद्यालय में सेल्फी प्वाइन्ट पर फोटो खींच कर हर घर तिरंगा के वेबसाईट पर अपलोड कर सर्टिफिकेट प्राप्त किया गया। साथ ही विश्वविद्यालय परिसर में स्थित अन्य महाविद्यालयों के शिक्षक एवं विद्यार्थियों को यह कार्य करने के लिए प्रेरित किया गया।

प्रभात फेरी के लिए वनांचल एजुकेशनल एण्ड वेलफेयर ट्रस्ट के चेयरमैन दिनेश प्रसाद सिंह व महाविद्यालय प्राचार्या डॉ सुनीता गुप्ता के द्वारा प्रभात फेरी समूह को अग्रसारित किया गया तथा प्रशिक्षुओं को प्रोत्साहित किया गया। प्रभातफेरी का संचालन एनएसएस समन्वयक अधिकारी शशिकान्त सिंह यादव ने किया। इस कार्यक्रम में उप-प्राचार्य डॉ शैलेन्द्र कुमार सिंह, एवं बीएड एवं डीएलएड के सहायक प्राध्यापक अरबिन्द तिवारी, अशोक यादव, जनार्दन शुक्ला, आनन्द कुमार चौबे, अभिमन्यु शुक्ला, राकेश कुमार सिंह, ओम प्रकाश उपस्थित रहे। जिसमें शिक्षकेत्तर कर्मचारियों में सुधीर कुमार घर दुबे और बीएन सिंह आदि अन्य लोग उपस्थित रहे।

# भाजपा ओबीसी मोर्चा ने किया तिरंगा वितरित

आजाद सिपाही संवाददाता



**पालकोट।** प्रखंड अन्तर्गत गांधी नगर में हर हर तिरंगा घर घर तिरंगा के निमित भाजपा ओबीसी मोर्चा के अध्यक्ष अशोक साहू ने कई लोगों के बीच तिरंगा झंडा वितरण किया।

मौके पर श्री साहू ने कहा कि हर हर तिरंगा घर घर तिरंगा के अन्तर्गत इस तिरंगा झंडा को सभी लोग अपने अपने घरों में लगाये और इसका मान बढ़ायें।







# पुलिस को सूचना मिलने के पांच घंटे के अंदर चोर गिरफ्तार



**आठ लाख के जेवरात चोरी मामले का सदर थाना पुलिस ने किया उद्भेदन**

आजाद सिपाही संवाददाता

**गुमला।** सदर थाना की पुलिस ने सूचना मिलने के पांच घंटे के अंदर ही आठ लाख के जेवरात चोरी करने वाले चोर को पकड़ लिया। गुमला थाना अन्तर्गत सिसई रोड स्थित ग्राम डुमरटोली में सुधा साधना पति अगुस्तीन केरकेट्टा ने पुलिस को सूचना दी थी कि उसके घर में किसी अज्ञात चोर के द्वारा घुसकर अलमीरा का लॉकर तोड़कर चांदी एवं सोने का आभूषण चोरी कर ली गयी है। जिसकी कुल कीमत करीब 8,00,000 (आठ लाख) रुपए बताई गई थी। साथ ही एक गैस सिलिण्डर की चोरी की बात सामने आई थी।

इस संबंध में गुमला थाना कांड संख्या- 275 / 23 दिनांक - 13.08.2023 धारा -454/ 380 भादवि दर्ज की गई है। घटना को संज्ञान में लेकर त्वरित कार्रवाई करने हेतू पुलिस अधीक्षक गुमला के निर्देशानुसार एक छापामारी दल का गठन किया गया।

छापामारी दल में मनोज कुमार, पुलिस निरीक्षक सह थाना प्रभारी, पुअनि विवेक चौधरी, पुअनि सुदामा राम, पुअनि दीपक कुमार रौशन, आरक्षी सरफराज अहमद, हववलदार नामजन समद, गुमला थाना को शामिल किया गया। छापामारी दल के द्वारा कार्रवाई करते हुए गुप्तचर के माध्यम से एक संदिग्ध को पकड़ा गया।

पूछताछ के दौरान उसने अपना अपराध स्वीकार किया तथा उसकी निशानदेही पर उसके द्वारा छिपाकर रखे गये बड़े मात्रा में चोरी का चांदी एवं सोने का आभूषण तथा गैस सिलिण्डर एवं चार मोबाइल बरामद किया गया। चोरी के आरोप में गिरफ्तार छोटू जायसवाल उर्फ बौना की उम्र 27 वर्ष की बताई जा रही है। आरोपी डीएसपी रोड गुमला का निवासी है। इसका पुराना अपराधिक इतिहास रहा है।

उसके पास से पुलिस ने चोरी गई सोने एवं चांदी का सभी आभूषण जिसकी कीमत करीब 8,00,000 (आठ लाख) रुपए, एक इण्डेन कम्पनी का गैस सिलिण्डर, चार एन्ड्रायड मोबाईल, होण्डा मेस्ट्रो स्कूटी जिसका रजि नं०- जेएच01सीएफ- 8389 है। इन सामानों की बरामदगी पुलिस ने की है।

# भरनो के दुम्बो में करंट लगने से महिला की मौत

**भरना (आजाद सिपाही)।** प्रखंड के दुम्बो गांव निवासी महेंद्र महली की पत्नी बसंती देवी 55 वर्ष की मौत बिजली करंट लगने से हो गयी। घटना आज सुबह की है। प्राप्त जानकारी के अनुसार महिला अपने खेत में काम करने गयी थी। इसी बीच पटवन के लिए लगाए बिजली तार की चपेट में वह आ गयी। जिससे उसकी मौत हो गयी। घटना के बाद पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए गुमला भेज दिया।









# जायंट्स ग्रुप ऑफ गढ़वा ने जेपीएस सेंट्रल स्कूल प्रांगण में किया पौधरोपण

**स्वतंत्रता दिवस की पूर्व संध्या पर स्वतंत्रता सेनानी की याद में किया कार्यक्रम**

आजाद सिपाही संवाददाता




**गढ़वा।** जायन्ट्स ग्रुप ऑफ गढ़वा द्वारा पटेल नगर दीपुवां स्थित जेपी एस सेंट्रल स्कूल के प्रांगण में स्वतंत्रता दिवस की पूर्व संध्या पर स्वतंत्रता सेनानी की याद में पौधरोपण किया गया। प्रोजेक्ट चेयरमैन सह जायन्ट्स सचिव चंद्रभूषण सिन्हा, जायन्ट्स गढ़वा के अध्यक्ष कमलेश कुमार गुप्ता, जायन्ट्स वेलफेयर फाउंडेशन फेडरेशन 8 के निवर्तमान अध्यक्ष अलखनाथ पांडेय, फेडरेशन 8 के पूर्व अध्यक्ष विनोद कमलापुरी, फेडरेशन उपाध्यक्ष नंदकुमार गुप्ता, स्पेशल कमेटी के सदस्य विजय केशरी ने इस बरसात में पानी नहीं बरसने एवं गढ़वा सहित पूर्वोत्तर भारत में सूखा बढ़ने को लेकर चिंता व्यक्त की एवं पौधरोपण ही इस समस्या का समाधान बताया। अंधाधुंध जंगलों की कटाई से पर्यावरण को नुकसान हुआ है, हम सभी यदि ज्यादा से ज्यादा वृक्षारोपण कर उसे बचाए रखे तो बारिश अवश्य होगी अन्यथा यह क्षेत्र मरुभूमि में बदल जायेगा। जायन्ट्स पदाधिकारियों ने संस्थाओं, आम नागरिकों से आह्वान किया है कि सभी लोग पौधरोपण का अभियान चलायें। जायन्ट्स के इस कार्यक्रम में उपरोक्त के पदाधिकारियों के साथ जायन्ट्स गढ़वा के निवर्तमान अध्यक्ष ध्रुव केशरी, वित्त निदेशक अशोक केशरी, मीडिया प्रभारी मोजिबुद्दीन खान, मनोज केशरी हिंदुस्तान सेनेटरी, अवधेश कुशवाहा, मनोज केशरी सन रेडियो, रबीन्द्र केशरी, मनदीप प्रसाद आदि उपस्थित थे।




























# आरके पब्लिक स्कूल के छात्र-छात्राओं ने तिरंगा मार्च निकाला

**देश के महान स्वतंत्रता सेनानियों के बलिदान को याद करना ही इसका उद्देश्य है : अलखनाथ पांडेय**



आजाद सिपाही संवाददाता

**गढ़वा।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के द्वारा वीर-वीरांगना व शहीदों को याद करने व सम्मान देने के लिए देश भर में आयोजित 'मेरी माटी, मेरा देश' कार्यक्रम के उपलक्ष्य में आज आरके पब्लिक स्कूल सोनपुरवा, गढ़वा के छात्र-छात्राओं के द्वारा तिरंगा मार्च निकाला गया। स्कूल के निदेशक सह शिक्षाविद् अलखनाथ पांडेय के निर्देश पर स्कूल के लगभग 500 छात्र-छात्राओं ने हिस्सा लिया। उन्होंने कहा कि देश के नौनिहालों में देशभक्ति की भावना का संचार करना व देश के महान स्वतंत्रता सेनानियों के बलिदान को याद करना ही इसका उद्देश्य है। आज पूरा देश भारत माता के वीर-वीरांगनाओं व शहीदों को याद कर उन्हें नमन कर रहा है। अनुप कुमार पाण्डेय के नेतृत्व में स्कूल के छात्र-छात्राओं ने स्कूल परिसर से मुख्य मार्ग होते हुए मंझिआंव मोड़ व इन्दिरा गांधी रोड से शहर के पुरानी बाजार होते हुए वापस स्कूल परिसर तक यह मार्च निकाला।

# लक्ष्मण प्रसाद सिंह तिरंगा यात्रा में हुए शामिल



**राजधानवार (आजाद सिपाही)।** पूर्व आइजी सह भाजपा नेता लक्ष्मण प्रसाद सिंह ने स्वतंत्रता दिवस की पूर्व संध्या पर परिवार एवं मोहल्लावासियों के साथ मिल कर तिरंगा यात्रा में सम्मिलित हुए, भारत माता की आजादी दिलानें के लिये लाखों भारतीयों का बलिदान और त्याग को याद कर भारत की एकता एवं अखंडता को बनाये रखने का संकल्प लिया।



























# जुलाई में रिटेल महंगाई बढ़कर 7.44% पर पहुंची

आजाद सिपाही संवाददाता

**नयी दिल्ली।** जुलाई महीने में रिटेल महंगाई बढ़कर 7.44% पर आ गई है। खाने-पीने का सामान खासकर सब्जियों की महंगाई बढ़ने के कारण महंगाई बढ़ी है। जून में फुटकर महंगाई 4.81% रही थी। वहीं मई में यह 25 महीने के निचले स्तर 4.25% पर आ गई थी। कंज्यूमर फूड प्राइस इंडेक्स (उढक) जुलाई में बढ़कर 11.51% हो गया है। जून में यह 4.49% था जबकि मई में 2.96% था। ये इंडेक्स खाने-पीने के सामान के दामों में बढ़ोतरी और उनमें कमी को दिखाता है। उढक बास्केट में लगभग आधी हिस्सेदारी खाने-पीने की चीजों की होती है। जून में महंगाई फ्ङक के 6% की ऊपरी टॉलरेंस लिमिट से नीचे थी।

एनटीपीसी NTPC
G20 भारत 2023 INDIA
Azadi Ka Amrit Mahotsav
amazing workplaces certified
नॉर्थ करणपुरा NORTH KARANPURA
स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
घर घर रौशनी हो पग-पग उजियारा, देश जगमग रहे यही संकल्प हमारा



NTPC Limited
( A govt. of India Enterprise )
North Karanpura Super Thermal Power Project,(3 x 660 MW) Village :Tandwa, Dist. : Chatra, Jharkhand - 825321

विनोबा भावे विश्वविद्यालय, हजारीबाग
77वें स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
विनोबा भावे विश्वविद्यालय पिछले तीन दशकों से शिक्षा की मशाल जलाते हुए शिक्षा जगत् में नय कीर्तिमान स्थापित करने में सफल रहा है।
कला, विज्ञान, समाज विज्ञान, संस्कृति, परंपरा में बिखरे हुए ज्ञान के प्रत्येक बिन्दु को महासिंधु बनाने की ओर अग्रसर।
सबका साथ, सबका विकास के कथन को चरितार्थ करते हुए 77वें स्वतंत्रता दिवस के पावन अवसर पर पूरे प्रदेशवासियों को हार्दिक शुभकामनाएं एवं अभिनंदन।



श्रीमती सुमन कैथरीन किस्पोट्टा
कुलपति
विनोबा भावे विश्वविद्यालय
हजारीबाग
ज्ञापांक : वि.भा.वि./2200/2023 दिनांक : 12.08.2023

स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर शुभकामना संदेश
कार्यालय नगर परिषद सिमडेगा
- शहरी क्षेत्र को साफ और स्वच्छ बनाए रखने में नगर परिषद, सिमडेगा का करें सहयोग।
- होल्डिंग टैक्स, वाटर टैक्स, ससमय भुगतान कर चिंता मुक्त बनें।
- सभी दुकानों का ट्रेड लाईसेंस बनवाना अनिवार्य है।
- नगर को साफ एवं स्वच्छ बनाए रखने के लिए शौचालय का उपयोग करें।
- कचड़ा डस्टबीन में ही डालें।
- करें उपयोग उपयोग थैला, ना करें सिमडेगा को प्लास्टिक से मैला, सिमडेगा में प्लास्टिक उपयोग पूर्ण रूप से प्रतिबंधित है।
- साफ सुथरा हो शहर अपना। सभी लोगों के सिर पर घर का छत हो अपना। नगर परिषद् का है यही सपना।
- शहर को स्वच्छ सुंदर बनाने में करें सहयोग।
- कुड़ादान का करें उपयोग, प्लास्टिक का न करें प्रयोग।
- नेकी के बक्से में पुराने कपड़ों को करें जमा।



महेन्द्र कुमार
अनुमंडल पदाधिकारी
-सह- प्रशासक
नगर परिषद, सिमडेगा
पत्रांक : न.प./ 1175 (ii)/2023, सिमडेगा/ दिनांक : 10.08.2023
नगर परिषद, सिमडेगा

# संबलपुर मंडल का विभाजन विभीषिका स्मरण दिवस



आजाद सिपाही संवाददाता

**संबलपुर।** भारत के विभाजन के दौरान लाखों लोगों की पीड़ा को सामने लाने के लिए, पूरा देश 14 अगस्त, 2023 को विभाजन की भयावहता का स्मरण दिवस मना रहा है। विभाजन के दौरान विस्थापित हुए लाखों लोगों की पीड़ा और दर्द को प्रकाश में लाने के लिए विभाजन विभीषिका स्मरण दिवस की परिकल्पना की गयी है। यह देश को याद दिलाता है कि इसकी स्वतंत्रता पिछली शताब्दी में मानव आबादी के सबसे बड़े विस्थापन से पहले हुई थी। विभाजन ने बड़ी संख्या में लोगों की जान भी ले ली क इस अवसर को याद करते हुए संबलपुर मंडल में 14 अगस्त, 2023 को संबलपुर, बरगढ़ रोड, बलांगीर, टिटिलागढ़ कांटाबांजी, मुनिगुडा, आम्बोदला और रेढ़ाखोल रेलवे स्टेशनों पर एक प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। संबलपुर रेलवे स्टेशन पर वरिष्ठ कर्मचारी, श्रीनृप बादी, जो इसी माह सेवानिवृत्त होने वाले है ने विभाजन विभीषिका स्मरण दिवस पर प्रदर्शनी का उद्घाटन किया। इस मौके पर मंडल रेल प्रबंधक, संबलपुर, विनीत सिंह, अपर मंडल रेल प्रबंधक आनंद सिंह सहित संबलपुर मंडल के सभी अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित थे।

# पूर्व तट रेलवे के जनरल मैनेजर ने स्वतंत्रता दिवस की दी बधाई

**मनोज शर्मा ने पूर्व तट रेलवे की उपलब्धियों को बताया और सहयोग के लिए सभी का किया धन्यवाद**



आजाद सिपाही संवाददाता

**भुवनेश्वर।** पूर्व तट रेलवे के जनरल मैनेजर मनोज शर्मा ने स्वतंत्रता दिवस की बधाई दी है। उन्होंने पूर्व तट रेलवे की उपलब्धियों को बताते हुए सभी को धन्यवाद दिया। सभी बेहतर सुख, स्वास्थ्य और समृद्धि की कामना करते हुए पूर्व तट रेलवे को और उंचाई पर ले जाने की अपील की। पूर्व तट रेलवे ने प्रत्येक क्षेत्र में उत्कृष्ट उपलब्धियाँ हासिल की हैं, जो अत्यंत सराहनीय है। हम लगातार छठे वर्ष भी पूरे भारतीय रेलवे में नंबर 1 लोडिंग जोन का स्थान बरकरार रखे हुए हैं, जो एक बेहतरीन उपलब्धि है। वित्तीय वर्ष 2022-23 में, 241.50 मिलियन टन की अभूतपूर्व उच्चतम लोडिंग दर्ज हुई, जिससे माल परिवहन के क्षेत्र में, हमारी अहम भूमिका स्पष्टतः परिलक्षित हुई। इसके अलावा, 53.86% के सराहनीय परिचालन अनुपात को बरकरार रखते हुए, हम सबसे अधिक आय अर्जन (प्रभाजन के आधार पर) करने वाले रेलवे जोन भी बन गये हैं।

हमारी वित्तीय उपलब्धियाँ, उत्कृष्टता के लिए निरंतर चलायमान हमारे अथक प्रयास की परिचायक हैं। हमने पिछले वर्ष की तुलना में, 8.55% की कुल वृद्धि के साथ, सभी जोनों में 22,642 करोड़ रुपये का सर्वोच्च आय दर्ज किया है। पूर्व तट रेलवे ने 75.05 करोड़ रुपये की स्क्रैप बिक्री दर्ज की है, जो पिछले वर्ष 2022-23 की तुलना में, 5.92 करोड़ रुपये अधिक है। यह हमारे कठिन परिश्रम का प्रत्यक्ष प्रमाण है।

इस वर्ष, 18 मई को माननीय प्रधानमंत्री द्वारा पुरी से वंदे भारत एक्सप्रेस को हरी झंडी दिखाई गयी, जो ओडिशा में सर्वप्रथम पहल थी। अमृत भारत स्टेशन योजना के अंतर्गत, 6 अगस्त को माननीय प्रधानमंत्री द्वारा 25 स्टेशनों के शिलान्यास किए गए। इस योजना के अंतर्गत, कुल 57 स्टेशनों का पुनर्विकास किया जाएगा। इसके तहत, स्टेशन भवनों का सुधार कार्य किया जाएगा, चौड़े एफओबी, लिफ्ट और एस्केलेटर स्थापित किए जाएंगे और अन्य आधुनिक यात्री सुविधाएं भी उपलब्ध कराई जायेंगी। पुरी, भुवनेश्वर और कटक जैसे प्रमुख स्टेशनों का पुनर्विकास-कार्य पूरे जोरशोर से चल रहा है। रोजगार मेले आयोजित किये गये हैं, जिनके माध्यम से कुल 3,256 उम्मीदवारों को नियुक्ति पत्र प्रदान किए गए हैं।

जगन्नाथ महाप्रभु की रथ यात्रा के दौरान, 222 विशेष ट्रेनें चलायी गयीं। जुलाई तक, विभिन्न ट्रेनों में 1654 सवारी डब्बे जोड़े गए। हाल ही में, कई ट्रेनों के स्टॉपेज भी बढ़ाए गये। बाधा-रहित कार्य संचालन हेतु, हमने अपनी प्रक्रियाओं को सुव्यवस्थित किया है तथा कई डिजिटल प्लैटफॉर्म अपनाये हैं। हम सभी प्रकार की खरीद और स्क्रैप बिक्री गतिविधियों के लिए क्म्प्ढर और क्टटर प्लैटफॉर्मों पर, 100% ऑनलाइन काम कर रहे हैं। ी-डाूी का कार्यान्वयन, दक्षता एवं नवाचार की दिशा में हमारी प्रतिबद्धता को दर्शाता है। हमारे अथक प्रयासों के अंतर्गत संरक्षा को प्राथमिकता दी जाती है। पूर्व तट रेलवे में कुल 5,794 संरक्षा-संबंधी निरीक्षण किए गए, जिनमें से हमारे सतर्क संरक्षा विभाग द्वारा 1,015 निरीक्षण किये गये। सतर्कता की दिशा में, कर्मचारियों की सजगता और संरक्षा नियमों के प्रति इनकी निष्ठा सुनिश्चित करने के लिए, कुल 456 औचक निरीक्षण किये गये। भुवनेश्वर रेलवे स्टेशन पर 150 'हस्त्र के सोलर रूफटॉप संयंत्र स्थापित किए गए हैं, परखे गए हैं और चालू किए गए हैं, जो संवहनीयता के प्रति हमारी प्रतिबद्धता को दशार्ता है।

77वें स्वतंत्रता दिवस की समस्त देशवासियों को हार्दिक शुभकामनाएं



मिथिलेश कुमार
निवेदक राज्य कर संयुक्त आयुक्त पलामू अंचल

बैंक ऑफ़ इंडिया
रिश्तों की जमापूँजी
राँची अंचल
G20 भारत 2023 INDIA
आज़ादी का अमृत महोत्सव
सबसे प्यारा तिरंगा हमारा



स्वतंत्रता दिवस की शुभकामनाएं
अब पाएं, सर्वोत्तम 7.90%
आइए हम राष्ट्र के प्रति अपनी देशभक्ति का प्रदर्शन करें। जश्न मनाने के लिए हमसे जुड़ें
हर घर तिरंगा
13-15 अगस्त के बीच अपने घर पर फहराएं तिरंगा
मेरी माटी मेरा देश
स्वतंत्रता सेनानियों/बहादुरों को श्रद्धांजलि अर्पित करें और धरती माँ का पोषण करें
टोल फ्री नं.: 1800 220 229 / 1800 103 1906
विजिट करें : www.bankofindia.co.in | पर हमें फॉलो करें.

ADITYA BIRLA
HINDALCO
हिण्डाल्को इण्डस्ट्रीज लि.
चकला कोल माइंस परिवार
की ओर से
स्वतंत्रता दिवस 2023
की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं
जय हिंद, जय भारत

एनटीपीसी NTPC
G20 भारत 2023 INDIA
केरेडारी एवं चट्टी बरियातु कोयला खनन परियोजनाएँ
स्वतंत्रता दिवस
15TH AUGUST 2023
की हार्दिक शुभकामनाएँ
एनटीपीसी का संकल्प एक मजबूत, समृद्ध और प्रगतिशील भारत ।



एनटीपीसी लिमिटेड
(भारत सरकार का उद्यम)
कोयला खनन परियोजनाएँ, हजारीबाग




आजाद सिपाही की ओर से स्वत्वाधिकारी लैंडस्केप मीडिया प्रा. लि., प्रकाशक एवं मुद्रक हरिनारायण सिंह के लिए 176 कोकर चौक, ओल्ड एचबी रोड, रांची 834001 (झारखंड) से प्रकाशित तथा डीबी प्रिंट सोल्यूशंस (ए यूनिट ऑफ डीबी कार्प लिमिटेड), प्लॉट नं. 535 एवं 1272, ललगुटवा, पुलिस स्टेशन, रातू, रांची से मुद्रित। **संपादक :** हरिनारायण सिंह, **स्थानीय संपादक*** : विनोद कुमार,***पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के लिए जिम्मेदार, **राज्य समन्वय संपादक :** अजय शर्मा। समस्त दिवानी विवादों, न्यायोचित कार्रवाइयों एवं दंडित परिवादों के लिए क्षेत्राधिकार रांची न्यायालय में रहेगा। फोन : 9264434560, **R.N.I. No.-JHAHIN/2015/65109,** Postal Registration No. **RN/249/2019-21**